दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



बजरंगी भाईजान का बनेगा ........



शानदार स्क्रीन प्रेजेंश.......

वर्ष : 10 अंक : 251 लखनऊ, 22 अगस्त, गुरुवार 2024 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

## पुलिस भर्ती परीक्षा: योगी सरकार का फूलप्रूफ प्लान तैयार, परिंदा भी नहीं मार सकेगा पर

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। योगी सरकार द्वारा प्रदेश के इतिहास की सबसे बड़ी पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए अभेद्य प्लान तैयार किया गया है। योगी सरकार की ओर से तैयार फूलप्रूफ प्लान पर कोई पंरिदा भी पर नहीं मार सकता।इसके लिए योगी सरकार की ओर से जहां भरपूर टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर चप्पे-चप्पे पर पुलिस फोर्स तैनात की जा रही है। सीएम योगी के निर्देश पर इस बार परीक्षा केंद्रों के रास्तों पर भी सीसीटीवी से नजर रखी जाएगी।साथ ही चिन्हित हॉटस्पॉट्स की ड्रोन कैमरों से चेकिंग की जाएगी। इसके अलावा एसटीएफ, लोकल पुलिस, क्राइम ब्रांच समेत कई एजेंसियां परीक्षा केंद्रों के आस-पास सक्रिय रहेंगी। मालूम हो कि 23 अगस्त से प्रदेश के 67 जिलों में पुलिस आरक्षी के 60,244 पदों पर चयन के लिए लिखित परीक्षा होने जा रही है।

### अति संवेदनशील स्थान पर लगाए जा रहे अतिरिक्त नये सीसीटीवी, ड्रोन से होगी हॉटस्पॉट्स की चेकिंग

डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर एक उच्च स्तरीय बैठक की थी, जिसमें उन्होंने परीक्षा की तैयारियों को लेकर बारीकी से चर्चा की।इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये थे कि परीक्षा को लेकर कोई गड़बड़ी न हो इसके लिए हर एक छोटे-छोटे पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। ऐसे में सीएम योगी की मंशा के अनुरूप परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।इसके तहत अपर पुलिस महानिदेशक एसटीएफ, यातायात, रेलवे, डायल-112 के साथ सभी जोन के एडीजी, पुलिस कमिश्नर, आईजी, डीआईजी, एसएसपी और एसपी को अपने-अपने जिलों में अलर्ट रहने के निर्देश दिये गये हैं।इस बार परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए परीक्षा केन्द्रों के रास्तों पर सीसीटीवी कैमरों से विशेष नजर रखी जाएगी। इसके साथ ही अति संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त नये सीसीटीवी लगाए जा रहे हैं। वहीं चिन्हित हॉटस्पॉट्स पर ड्रोन कैमरों से चेकिंग की व्यवस्था की गई है।

### परीक्षा केंद्रों पर पर्यवेक्षक के रूप में तैनात होंगे पुलिस अधिकारी, भीड़ वाले स्थानों पर रहेगी विशेष नजर

डीजीपी ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध सुनिश्चित किये गये हैं। इसके लिए परीक्षा केंद्र पर एसपी, एएसपी और सीओ को पर्यवेक्षक बनाया गया है। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों के अंदर एक सुरक्षा अधिकारी भी तैनात रहेगा। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की ओर से परीक्षा केंद्रों का बारीकी से भ्रमण किया जा रहा है।इस दौरान छोटी सी छोटी कमियों को दूर किया जा रहा है। वहीं परीक्षा केंद्रों पर भीड़ और अभ्यर्थियों की संख्या को देखते हुए पुलिस फोर्स को तैनात किया जाएगा। इसके अलावा शिक्षा विभाग, परीक्षा केन्द्रों के प्रबंधकों तथा संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सतर्कता के लिए आपातकाल प्लान के तहत कार्रवाई की योजना बनायी गयी है।इस बार परीक्षा के दो दिन पहले से लेकर परीक्षा खत्म होने के बाद अभ्यर्थियों व अभिभावकों के उनके गृह जनपद में पहुंचने तक की स्थिति का आंकलन किया जा रहा है ताकि उसके अनुसार पुलिस बल का प्रबंध किया जा सके।परीक्षा केन्द्रों, रेलवे, मेट्रो स्टेशन, बस, टैक्सी स्टैंड, होटल, रेस्टोरेन्ट पर भीड़ को कंट्रोल करने के लिए भी पूरी व्यवस्था की गयी है। इसके लिए वहां के संचालकों, प्रबंधकों व अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों के साथ मिलकर प्लान बनाया गया है। इन सभी के सहयोग से पल-पल की निगरानी की जाएगी।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 23 से 26 अगस्त तक अमेरिका की यात्रा करेंगे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार से अमेरिका की चार दिवसीय यात्रा शुरू करेंगे तथा इस दौरान दोनों देशों के बीच व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेंगे। सिंह वाशिंगटन में अमेरिका के अपने समकक्ष लॉयड ऑस्टिन तथा राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवान समेत अन्य लोगों से बातचीत करेंगे। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि सिंह की ऑस्टिन से बातचीत में 31 एमक्यू-9बी प्रीडेटर ड्रोन खरीदने की भारत की योजना, स्ट्राइकर इन्फैन्ट्री लड़ाकू वाहन का प्रस्तावित संयुक्त विनिर्माण और भारत में जीई एफ414 इंजन के सह-उत्पादन पर प्रमुखता से चर्चा होने की संभावना है। रक्षा मंत्रालय ने 23 से 26 अगस्त तक सिंह की अमेरिका यात्रा की घोषणा करते हुए कहा, इस यात्रा से भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी और गहरी तथा मजबूत होने की संभावना है।इसमें कहा गया है, यह यात्रा भारत-अमेरिका संबंधों में बढ़ती गतिशीलता और कई स्तरों पर रक्षा साझेदारियों की पृष्ठभूमि में हो रही है।सिंह मौजूदा और भविष्य की रक्षा साझेदारियों पर अमेरिकी रक्षा उद्योग के साथ उच्च स्तरीय गोलमेज वार्ता की भी अध्यक्षता करेंगे।वह इस दौरान भारतीय समुदाय के साथ भी बातचीत करेंगे।

**मौसम**
अधिकतम तापमान 43.c
न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**
सोना 7,177/ g
चांदी 96/ g
सेंसेक्स 81,332.72
निफ्टी 24,834.85

## एयर इंडिया ने उड़ान के दौरान बेतार मनोरंजन सेवा शुरू की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने चौड़े आकार के अपने मौजूदा विमानों में उड़ान के दौरान बेतार (वायरलेस) मनोरंजन सेवा उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है।कई यात्री टाटा समूह के स्वामित्व वाली इस एयरलाइन के कुछ विमानों में खराबी और उड़ान के दौरान मनोरंजन प्रणाली के काम न करने की शिकायत करते रहे हैं। यह एयरलाइन अपने पुराने बेड़े में सुधार करने और नए विमान शामिल करने की प्रक्रिया में है।बयान के अनुसार, हाल ही में चौड़े आकार के अपने मौजूदा विमान बेड़े में उड़ान के दौरान शुरू की गई नई मनोरंजन सेवा विस्टा को छोटे विमानों में भी उपलब्ध कराया जाएगा। यह हाल ही में शामिल किए गए बी777 और ए350 विमानों में उपलब्ध नहीं होगी।इसमें कहा गया है कि विस्टा को मौजूदा बड़े विमानों के बेड़े में शामिल किया गया है ताकि ग्राहकों को निर्बाध मनोरंजन प्रदान किया जा सके। एयर इंडिया के नए बड़े विमानों में नई मनोरजंन प्रणाली है। एयरलाइन के पास 140 विमानों का परिचालन बेड़ा है। विस्टा के साथ यात्री अपने निजी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर मनोरंजन सामग्री का आनंद ले सकते हैं। इसमेंउड़ान ट्रैकिंग के लिए लाइव मानचित्र डिस्प्ले भी होगा।

## बेलगाम सरकार पर लगाम लगाते हैं जन आंदोलन

### भारत बंद पर सपा प्रमुख अखिलेश

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (एससी-एसटी) के आरक्षण में क्रीमी लेयर पर उच्चतम न्यायालय के फैसले को लेकर बुधवार को आहूत भारत बंद का समर्थन किया और कहा कि ऐसे जन आंदोलन बेलगाम सरकार पर लगाम लगाते हैं।

यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक टिप्पणी में कहा, आरक्षण की रक्षा के लिए जन-आंदोलन एक सकारात्मक प्रयास है। ये शोषित-वंचित के बीच चेतना का नया संचार करेगा और आरक्षण से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ के खिलाफ जन शक्ति का एक कवच साबित होगा। शांतिपूर्ण आंदोलन लोकतांत्रिक अधिकार होता है। उन्होंने इसी संदेश में कहा, बाबा साहब भीमराव आंबेडकर जी ने पहले ही आगाह किया था कि संविधान तभी कारगर साबित होगा जब उसको लागू करनेवालों की मंशा सही होगी। सत्तासीन सरकारें ही जब धोखाधड़ी, घपलों-घोटालों से संविधान और संविधान द्वारा दिये गये अधिकारों के साथ खिलवाड़ करेंगी तो जनता को सड़कों पर उतरना ही होगा। जन-आंदोलन बेलगाम सरकार पर लगाम लगाते हैं।गौरतलब है कि एससी-एसटी के आरक्षण में क्रीमी लेयर पर उच्चतम न्यायालय के पिछले एक अगस्त के फैसले के खिलाफ आज देश भर के 21 संगठनों ने भारत बंद का आह्वान किया है। संगठनों ने इस फैसले का विरोध करते हुए कहा कि इससे आरक्षण के मूल सिद्धांतों को क्षति होगी।

## राजस्थान के टोंक में तालाब में डूबने से चार युवकों की मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राजस्थान के टोंक जिले के उनियारा थाना क्षेत्र में बुधवार को चार युवकों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। थानाधिकारी धर्मेश दायमा ने बताया कि मोहम्मदपुरा गांव में हंसराज, दिलखुश, विकास और विजय तालाब से भैंस निकालने गए थे, लेकिन वे कीचड़ में धंस गए और डूब गए। थानाधिकारी धर्मेश दायमा ने बताया कि चारों युवक 17-18 साल के आयु वर्ग के थे।थानाधिकारी बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के शवगृह ले जाया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय वायु सेना के लडाकू विमान से कोई वस्तु गिरी, कोई जानमाल का नुकसान नहीं

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राजस्थान में जैसलमेर जिले के पोखरण इलाके में बुधवार को भारतीय वायु सेना के एक लड़ाकू विमान से कोई वस्तु जमीन पर गिरी। वायुसेना ने कहा कि यह घटना सुनसान इलाके में हुई और जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ। उसने एक्स पर पोस्ट किया, आज तकनीकी खराबी के कारण पोखरण फायरिंग रेंज के पास भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान से एक एयर स्टोर अनजाने में बाहर आ गया। उसने कहा कि इस घटना की जांच के आदेश दिए गए हैं।जान-माल के किसी नुकसान की खबर नहीं है। रामदेवरा थाने के पुलिस उपनिरीक्षक शंकर लाल ने बताया कि गांव से करीब एक किलोमीटर दूर कुछ लोगों ने जोरदार विस्फोट की आवाज सुनी, जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे।

### आंध्र प्रदेश में फार्मा कंपनी के कारखाने में लगी आग, चार कर्मचारियों की मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, आंध्र प्रदेश के अचुतापुरम में बुधवार को एक फार्मा कंपनी के कारखाने में आग लग जाने से चार कर्मचारियों की मौत हो गई। अनकापल्ली की जिलाधिकारी विजय कृष्णन ने बताया कि दुर्घटना दोपहर करीब दो बजे एसेंटिया फार्मा कंपनी के संयंत्र में हुई। कृष्णन ने बताया, हमने चार कर्मचारियों को खो दिया। उन्होंने बताया कि घटना में घायल हुए करीब 30लोगों को अनकापल्ली और अचुतापुरम के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।इसके अलावा जिलाधिकारी ने कहा कि कपंनी में फंसे 13 लोगों को बचा लिया गया है।

## नक्सलवाद पर फाइनल चोट करने की तैयारी

### दो दिन के दौरे पर छत्तीसगढ़ जाएंगे अमित शाह, प्रभावित राज्यों के साथ करेंगे बैठक

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 24 और 25 अगस्त को छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे नक्सल विरोधी अभियानों, रणनीतियों और माओवाद प्रभावित राज्यों में विकास पर उच्च स्तरीय बैठकें करेंगे।शाह अपने दौरे के दौरान पुलिस, अर्धसैनिक बलों और अन्य विभागों के प्रमुखों के साथ बैठक करेंगे। शाह के दौरे का विस्तृत प्रोटोकॉल जल्द ही पार्टी द्वारा जारी किया जाएगा।जानकारी के अनुसार, केंद्रीय गृह मंत्री 23 अगस्त की शाम को छत्तीसगढ़ पहुंचेंगे और 24 और 25 अगस्त को बैठकें करेंगे, जिसके बाद वे 25 की शाम को वापस लौटेंगे। इस बैठक में छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, झारखंड, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल के पुलिस प्रमुखों के शामिल होने की संभावना है।इन राज्यों में नक्सलवाद पर लगाम लगी है। इसके अलावा, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन और खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन डेका केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के प्रमुख अनीश दयाल सिंह के भी इन दोनों बैठकों में शामिल होने की उम्मीद है। 25 अगस्त को गृह मंत्री सुबह समीक्षा बैठक के बाद रायपुर नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) कार्यालय का उद्घाटन करेंगे।गृह मंत्री 24 अगस्त को छत्तीसगढ़ में सहकारिता के विस्तार पर एक बैठक की अध्यक्षता भी करेंगे। नक्सल विरोधी बैठक ऐसे समय में महत्वपूर्ण है, जब गृह मंत्रालय के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, वामपंथी उग्रवाद हिंसा का भौगोलिक प्रसार काफी हद तक कम हो गया है। 2013 में 10 राज्यों में वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित जिलों की संख्या 126 थी, जो 2024 में घटकर केवल 38 रह गई है (अप्रैल-2024 से) जो नौ राज्यों में हैः छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, झारखंड, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल।बताया जा रहा है कि शाह नया रायपुर में कई विभागों के प्रमुख सचिवों और सचिवों, डीजीपी और राज्य तथा देश के अन्य नक्सल प्रभावित राज्यों के पुलिस प्रमुखों के साथ बैठक करेंगे।

## उत्तराखंड मंत्रिमंडल का जल्द होगा विस्तार : मुख्यमंत्री धामी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को कहा कि प्रदेश मंत्रिमंडल का विस्तार जल्द ही कभी भी हो सकता है। मीडिया के एक वर्ग में पिछले कुछ समय से राज्य मंत्रिमंडल के विस्तार की अटकलें चल रही हैं। राज्य विधानसभा के बुधवार से शुरू हो रहे मानूसन सत्र से पहले गैरसैंण में एक समाचार चैनल से बातचीत में धामी ने कहा, इस संबंध में सभी स्तरों पर चर्चा की गयी है। जैसे ही यह प्रक्रिया पूरी होती है, मंत्रिमंडल का विस्तार जल्द ही किसी भी समय हो सकता है। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेताओं की हाल में पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के साथ हुई बैठकों ने प्रदेश में इन अटकलों को हवा दी कि प्रदेश में जल्द मंत्रिमंडल का विस्तार हो सकता है। फिलहाल धामी मंत्रिमंडल में चार रिक्तियां हैं। तीन मंत्री पद तो शुरू से ही खाली हैं जबकि चौथा स्थान पिछले साल परिवहन मंत्री चंदन रामदास के निधन से खाली हुआ है।

## विधानसभा चुनाव से पहले कश्मीर में अर्धसैनिक बलों की तकरीबन 300 कंपनियां तैनात

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, केंद्र ने चुनाव ड्यूटी के लिए कश्मीर घाटी में अब तक अर्धसैनिक बलों की तकरीबन 300 कंपनियों को तैनात किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इन कंपनियों को श्रीनगर, हंदवाड़ा, गांदरबल, बडगाम, कुपवाड़ा, बारामूला, बांदीपोरा, अनंतनाग, शोपियां, पुलवामा, अवंतीपोरा और कुलगाम में तैनात किया गया है।उन्होंने बताया कि कश्मीर घाटी में सुचारू रूप से विधानसभा चुनाव कराने के लिए सुरक्षा के वास्ते केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल, सशस्त्र सीमा बल और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस सहित अर्धसैनिक बलों की 298 कंपनियों को तैनात किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, श्रीनगर को सबसे अधिक 55 कंपनियां मिली हैं, उसके बाद अनंतनाग (50), कुलगाम (31), बडगाम, पुलवामा और अवंतीपोरा पुलिस जिले (24-24), शोपियां (22), कुपवाड़ा (20), बारामुल्ला (17), हंदवाड़ा 15, बांदीपोरा 13 और गांदरबल (तीन) हैं।तीन चरणों में होने वाले मतदान के पहले चरण की अधिसूचना मंगलवार को जारी की गई।पहले चरण के लिए मतदान 18 सितंबर, दूसरे चरण के लिए 25 सितंबर और तीसरे और अंतिम चरण के लिए एक अक्टूबर को मतदान होगा।

## दीपोत्सव में इस बार 25 लाख से ज्यादा दीयों से जगमग होगी अयोध्या, योगी सरकार ने अभी से शुरू की तैयारी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ/अयोध्या।योगी सरकार दीपावली के अवसर पर अयोध्या में होने वाले दीपोत्सव कार्यक्रम में भव्यता के नए प्रतिमान स्थापित करने जा रही है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के स्थापित होने के बाद इस पहले दीपोत्सव में 7 मैकेनाइज्ड टैबल्यू, कोरियोग्राफ्ड एरियल ग्रीन फायरक्रैकर शो समेत विभिन्न प्रकार के आकर्षणों को शामिल किया जाएगा।उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष अयोध्या में दीपोत्सव के दौरान राम की पैड़ी समेत 51 घाटों पर कुल मिलाकर 21 लाख से ज्यादा दीए जलाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया था। वहीं, इस साल योगी सरकार 25 लाख दीयों से अयोध्या को जगमग करने की तैयारी कर रही है।इतना ही नहीं, अयोध्या के अंदर 500 स्थानों को आकर्षक साइनेज बोड्र्स के माध्यम से सजाया जाएगा तथा प्रभु श्रीराम से जुड़े 20 आर्टिस्टिक इंस्टॉलेशंस को भी स्थापित करने में वरीयता दी जाएगी। इसके लिए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा एजेंसी निर्धारण व कायावंटन की प्रक्रिया शुरू हो गई है और माना जा रहा है कि सितंबर माह से दीपोत्सव के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों की तैयारी शुरू हो जाएगी।

### 7000 से अधिक वॉलेंटियर्स की उपस्थिति में होगा दीपोत्सव

उत्तर प्रदेश सरकार 28 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2024 के मध्य भव्य ₹दीपोत्सव 2024₹ कार्यक्रम का आयोजन प्रस्तावित है।पर्यटन विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार, भगवान श्री राम की अयोध्या वापसी की घटनाओं के अनुक्रम के दृश्यों को फिर से बनाने के उद्देश्य से अयोध्या शहर को सुंदर बनाने, सरयू नदी के घाटों पर मिट्टी के दीये जलाने, नदी के तट को सजाने, कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक प्रदर्शन और अन्य उत्सव आयोजित करने की कार्ययोजना पर काम कर रही है। इसी क्रम में, पर्यटन विभाग द्वारा एक एजेंसी को नियुक्त किया जाएगा जो राम की पैड़ी अयोध्या के विभिन्न स्थानों पर लगभग 25 लाख से अधिक) दीयों के रिकॉर्ड के लिए क्षेत्र का डिजाइन तैयार करना व मूल्यांकन प्रक्रिया को अंजाम देगी। साथ ही, अयोध्या के 1,100 धमार्चार्यों/स्थानीय प्रसिद्ध हस्तियों/लोगों की उपस्थिति में सरयू नदी पर सबसे बड़े आरती समारोह के रिकॉर्ड के लिए क्षेत्र का डिजाइन तैयार करेगी। इसके अलावा, साइट पर गिनीज रिकॉर्ड के निष्पादन के लिए प्रयास से दो दिन पहले स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित करना, लगभग 7000 से अधिक वॉलेंटियर्स (अवध विश्वविद्यालय के छात्र) के साथ पूरे गिनीज विश्व रिकॉर्ड को निष्पादित करने की प्रक्रिया को पूर्ण करेगी।

### कोरियोग्राफ्ड फायरक्रैकर शो समेत शोभायात्रा में टैबल्यू बनेंगे आकर्षण

दीपोत्सव कार्यक्रम में भव्य शोभायात्रा का भी आयोजन होगा जिसमें राम रथ समेत 7 बड़े मैकेनाइज्ड टैब्ल्यू को भी शोकेस किया जाएगा। यह सभी टैब्ल्यू प्रभु श्रीराम के विभिन्न प्रसंगों से संबंधित होंगे और इनके निर्माण में ऑरोरो (बोलिविया), बासेल (स्विट्जरलैंड), साल्वाडोर (ब्राजील), बारांक्विला (कोलंबिया), डसेलडॉर्फ (जर्मनी) ग्रेनाडाइन्स से इंस्पायर्ड होंगे। वहीं, कोरियोग्राफ्ड ग्रीन एरियल फायरक्रैकर शो को 10 मिनट से ज्यादा अवधि के लिए संचालित किया जाएगा। वहीं, अयोध्या के 500 से ज्यादा प्रमुख स्थलों को आकर्षक साइनेज बोड्र्स से सजाया जाएगा।

# सीएम योगी से मिले विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह

**चीफ सेक्रेटरी की अध्यक्षता में एंटी वाटर लॉगिंग मास्टर प्लान बना कर लखनऊ को जलभराव मुक्त बनाने की मांग की**

**तहसील दिवस कार्यक्रमों की हो सीसीटीवी निगरानी, डीएम, कमिश्नर से लेकर सीएम के पास रहे लाइव एक्सेस – डॉ. राजेश्वर सिंह**

**आईजीआरएस निस्तारण की गुणवत्ता में वृद्धि के लिए डॉ. राजेश्वर सिंह ने सीएम को दिया सुझाव, हर सप्ताह मुख्यमंत्री स्तर पर 100 निस्तारित प्रकरणों का हो परीक्षण**

**सीएम योगी उत्तर प्रदेश की जन आकांक्षाओं के केंद्र बिंदु – डॉ. राजेश्वर सिंह**



अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंटकर सरोजनीनगर में संचालित विकास कार्यों से अवगत कराया।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री के साथ मुलाकात की जानकारी अपने आधिकारिक एक्स (ट्विटर) पर देते हुए आगे लिखा कि इस दौरान विधायक ने सीएम योगी से पत्र सौंपकर सरोजनीनगर व सम्पूर्ण लखनऊ की प्रमुख समस्या जलभराव के सम्बन्ध में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समिति के गठन का अनुरोध किया, जो एंटी वाटर लॉगिंग मास्टर प्लान बनाकर समस्या का प्रभावी, त्वरित एवं स्थाई समाधान निकाल सके।

साथ ही डॉ. सिंह ने प्रदेश के सभी तहसील मुख्यालयों पर आयोजित किए जाने वाले तहसील दिवस के आयोजन को सीसीटीवी की लाइव निगरानी से जोड़कर उसकी मॉनिटरिंग जिलाधिकारी, मंडलायुक्त एवं प्रभारी अधिकारी /मंत्री स्तर पर कराये जाने अनुरोध किया और परिणाम की गुणवत्ता में वृद्धि के लिए मुख्यमंत्री को सुविधानुसार लाइव मॉनिटरिंग से जुड़ने का सुझाव भी दिया।विधायक ने ट्विटर के माध्यम से जानकारी देते हुए लिखा प्रदेश में संचालित ऑनलाइन शिकायत निवारण एकीकृत (कऋृफर) प्रणाली जनसुनवाई, जन सामान्य के हितार्थ उत्कृष्टतम पहल है। मा. मुख्यमंत्री जी से प्रत्येक सप्ताह पोर्टल पर निस्तारित दर्शाए जा रहे 100 क्रमरहित (फंल्लङ्क्षि) प्रकरणों के निस्तारण का परीक्षण करवाकर समाधान की गुणवत्ता को अधिक प्रभावी बनाए जाने का अनुरोध भी किया।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने आगे लिखा कि मुख्यमंत्री ने सभी अनुरोधों पर सहर्ष सकारात्मक आश्वासन प्रदान किया, साथ ही विधायक ने समय प्रदान करने के लिए सीएम योगी का आभार भी जताया।

# 69000 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों ने लखनऊ में फिर शुरू किया प्रदर्शन, नई मेरिट लिस्ट जल्द जारी करने की मांग

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ।69 हजार शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों ने बुधवार को फिर राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) परिसर में प्रदर्शन शुरू कर दिया है। अभ्यर्थियों का कहना है जब तक नई मेरिट सूची व काउंसलिंग कार्यक्रम जारी नहीं होता,तब तक वह प्रदर्शन करते रहेंगे।

मंगलवार की देर रात इन्हें पुलिस ने मौके से हटा दिया था अभ्यर्थियों को राजधानी में अलग-अलग स्थान पर छोड़ दिया था। आरक्षण विसंगति को दूर कर नई मेरिट सूची जारी करने की मांग कर रहे यह अभ्यर्थी फिर सुबह एससीईआरटी परिसर में एकजुट हुए और आंदोलन शुरू कर दिया।

69 हजार शिक्षक भर्ती के लिए पांच दिसंबर वर्ष 2018 को विज्ञापन जारी हुआ था और पांच जनवरी वर्ष 2019 को लिखित परीक्षा हुई थी।एक जून 2020 को परिणाम घोषित हुआ तो आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों ने आरक्षण में विसंगति का आरोप लगाया और मामला कोर्ट में पहुंच गया। अब हाईकोर्ट ने आरक्षण की विसंगति दूर कर नए सिरे से मेरिट सूची तैयार करने के आदेश दिए हैं।

### नई मेरिट सूची बनाने में क्यों लग रहा है समय

योगी सरकार ने सभी अभ्यर्थियों के साथ पूरा न्याय दिलाने का भरोसा दिया है। ऐसे में नई मेरिट सूची बनाने में सभी पक्षों का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। पहला चार वर्ष से नौकरी कर रहे तमाम अनारक्षित श्रेणी के शिक्षक बाहर हो जाएंगे, वहीं तमाम शिक्षकों की वरिष्ठता खत्म हो जाएगी। मेरिट के अनुसार, तमाम शिक्षकों के जिले व स्कूल बदल जाएंगे। अगर सरकार अलग से पद निकालकर इन अभ्यर्थियों के लिए भर्ती करे तो अब बीएड कोर्स की मान्यता नहीं है। ऐसे में तमाम बीएड पास शिक्षक आवेदन नहीं कर सकेंगे। डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन (डीएलएड) व बीटीसी पास अभ्यर्थी विरोध करेंगे। ऐसे में सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर बेसिक शिक्षा विभाग मंथन में जुटा हुआ है।

### सुपर न्यूमेरिक पद सृजित कर दे सकते हैं राहत

फिलहाल सुपर न्यूमेरिक पद सृजित कर अभ्यर्थियों को राहत दी जा सकती है। आरक्षित व अनारक्षित दोनों श्रेणियों के अभ्यर्थियों का कहना है कि वह किसी का नुकसान नहीं चाहते। वह अपने लिए न्याय की मांग कर रहे हैं। ऐसे में 69 हजार शिक्षक भर्ती में सुपर न्यूमेरिक पद सृजित कर राहत दी जा सकती है। सरकार इसके लिए व्यवस्था करे और उसे कोर्ट के सामने रखे।

# एसएससी की परीक्षा में सॉल्वर बैठाने वाला अभ्यर्थी गिरफ्तार



**पांच साल से चल रहा था फरार**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। एसएससी/एमटीएस-2019 की परीक्षा में अपने स्थान पर साल्वर बैठाने वाले अभ्यर्थी राहुल कुमार को सैरपुर पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। वह पांच साल से फरार था और 15 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

### यह है पूरा मामला

थाना प्रभारी सैरपुर जितेंद्र गुप्ता के मुताबिक, आरोपी राहुल कुमार बिहार के गया जिले के निमसार का रहने वाला है। 13 अगस्त 2019 को उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। मुकदमा आईआईएम रोड पर सुभाष चंद्र बोस इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन में कार्यरत अनिल कुमार वर्मा ने दर्ज कराया था। राहुल ने अपने प्रवेश पत्र और आधार कार्ड पर फोटो की कंप्यूटर से फिक्सिंग कराई थी। अपने स्थान पर कैमूर मबुआ जिले के चमनपुर के रहने वाले कुमुदरंजन चौबे सॉल्वर को परीक्षा देने के लिए भेजा था। चेकिंग के दौरान कुमुदरंजन चौबे को पकड़ा गया था। पूछताछ में उसने राहुल के बारे में जानकारी दी थी। राहुल उसके बाद से फरार चल रहा था।

# भारत बंद के आवाह्न पर मोहनलालगंज में हुआ प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज लखनऊ. भारत बंद के आवाहन पर राष्ट्रीय कल्याण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश का जबरदस्त तरीके से विरोध प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को ज्ञापित छह सूत्रीय ज्ञापन तहसील दार को सौंपा जिसमे आरक्षण बचाओ की धमक सुनाई दे रही थी मोहनलालगंज में राष्ट्रीय कल्याण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनोद कुमार रावत ने न्यू जेल रोड से सैकड़ों की संख्या में समर्थकों के साथ धरना प्रदर्शन शुरू कर तहसील मुख्यालय पहुंचकर तहसीलदार शशांक नाथ उपाध्याय को 6 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा कि इसे राष्ट्रपति को कार्रवाई के लिए भेजने का अनुरोध किया राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा की अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति पिछड़ी जाति को प्रदत्त आरक्षण में उपवर्गीकरण सुप्रीम कोर्ट द्वारा किया गया उसे वापस लिया जाना न्याय हित में होगा कोटे में कोटे देना तथा उपवर्गीकरण अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ी जाति के लिए कुठारा घात जैसा आदेश साबित होता है आरक्षण अधिकार हमारा है अनुसूचित जाति के आरक्षण व्यवस्था को भारत के संविधान की नवी सूची में शामिल किया जाए संविधान के अनुच्छेद 312 (1) ध्यान में रखते हुए न्यायिक नियुक्तियों का गठन शीघ्र किया जाय कोलेजियम सिस्टम से हो रही जजों की नियुक्ति पर प्रतिबंध लगाया जाय देश में जातिगत जनगणना की मांग करते हुए कहा कि प्रत्येक जाति की जनसंख्या सामाजिक आर्थिक एवं राजनीतिक स्थिति का आंकड़ा सार्वजनिक किया जाए तथा राजस्व संहिता की धारा 122( बी) 4 पुनः बहाल की जाए जिससे दबे कुचले समाज के लोगों को भूमि पर अधिकार मिल सके एससी एसटी पिछड़े समाज के व्यक्तियों को क्रीमी लेयर में लाना उचित नहीं है और भारत बंद के आवाहन पर मोहनलालगंज सहित आस पास मिला जुला असर दिखा ।श्री रावत ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय में बैठे जजों की टीम में एक भी अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति पिछड़ी जाति से कोई भी जज नहीं शामिल है राजनीति में जो दलगत नेता भले ही एससी एस टी पिछड़े वर्ग के हो लेकिन गुलामी की जिंदगी जी रहे हैं इसलिए वह समर्थन नहीं करेंगे हम सब सामाजिक संगठन संविधान में प्रदत्त अधिकार को लेकर आरक्षण का अधिकार मांगते हैं सैकड़ों की भीड़ में आरक्षण अधिकार हमारा है के नारे गूंजता रहे इस मौके पर राष्ट्रीय कल्याण मंच के राकेश कुमार वास्तिक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अरविन्द कुमार रावत राष्ट्रीय महासचिव बोधराम पासी प्रदेश उपाध्यक्ष पदमा रावत प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव हरीश पासवान वेद प्रकाश यादव प्रदेश सचिव अविनाश कुमार रावत जिला अध्यक्ष लखनऊ सन्त प्रकाश रावत वरिष्ठ समाज सेवी ओम प्रकाश दिवाकर जिला उपाध्यक्ष श्रवण कुमार रावत जिला सचिव कालिया सिंह एडवोकेट अजय कुमार रावत शुभम रावत अनिल कुमार शर्मा राकेश कुमार वर्मा जिला अध्यक्ष उन्नाव सुधीर कुमार रावत जिला उपाध्यक्ष उन्नाव विशाल पिंटू हरिकेश कुमार सुधीर कुमार कुलदीप कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में लोगों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए।

# मलिहाबाद में बिजली चेकिंग के दौरान हंगामा

**बिजली विभाग कर्मी पर महिला का वीडियो बनाने का आरोप**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व मोहनलालगंज पूर्व सांसद कौशल किशोर ने उपभोक्ताओं के शोषण का आरोप लगाया - साथ ही सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर ट्वीट कर बिजली विभाग पर सूबे की सरकार की छवि धूमिल करने का आरोप लगाते हुए अभियान को रोकने की मांग की। बुधवार को एक ऐसा ही मामला राजधानी लखनऊ के मलिहाबाद ग्रामीण क्षेत्र से आया है। जंहा क्षेत्र के गढ़ी संजर खां गांव में सुबह के समय विद्युत विभाग ने बिजली चेकिंग करने गई टीम के सदस्यो के साथ आधा दर्जन लोगो ने अभद्रता की जिसकी शिकायत अवर अभियंता ने पुलिस से की है ।वही दूसरे विद्युत उपभोक्ताओं ने भी बिजली कर्मियों पर महिलाओ का वीडियो बनाने के आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। मलिहाबाद अवर अभियंता त्रिभुवन सिंह ने बताया कि बुधवार सुबह उच्चाधिकारियो के आदेश से बिजली चोरी रोकने हेतु गढ़ी संजर खां गांव मे उपखंड अधिकारी अनिल कुमार वर्मा सहित टीम चेकिंग कर रही थी सुनील कुमार और अन्य लोग सरकारी कार्य मे बाधा डालते हुए टीम के साथ गली गलौज करते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग कर मोबाइल छीनने का प्रयास करने लगे ।वही दूसरे पक्ष से उपभोक्ता सूर्य प्रकाश ने बिजली विभाग की टीम पर आरोप लगाते हुए बताया कि सुबह कुछ लोग सीढी लगाकर घर के पिछले हिस्से से चढ़े और घर में स्नान कर रही महिलाओ का वीडियो बनाने लगे विरोध करने पर बताया कि हम लोग बिजली विभाग से है दोनो पक्षो ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में मलिहाबाद सहायक पुलिस आयुक्त एसीपी धर्मेंद्र सिंह रघुवंशी ने बताया दोनो पक्षो की तरफ से तहरीर मिली है जाँच कर अवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# हिस्ट्रीशीटर ने सिपाही और हेड कांस्टेबल को पीटा




**वर्दी फाड़ी, सड़क पर शराब पीने का किया था विरोध**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। खुले में शराब पी रहे हिस्ट्रीशीटर आशीष उर्फ छोटू को टोकना सिपाही रविशंकर और हेड कांस्टेबल अजीत वर्मा को भारी पड़ गया। हिस्ट्रीशीटर ने उन्हें जमकर पीटा, मोबाइल तोड़ दिया और वर्दी फाड़ दी। गोली मारने की धमकी दी। शोर सुनकर जब तक आस पड़ोस के लोग दौड़े आरोपी भाग निकला। इसके बाद पुलिस बल थाने बुलाया गया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। सिपाही रविशंकर के मुताबिक वह और अजीत वर्मा गश्त कर रहे थे। इस बीच हिस्ट्रीशीटर सड़क पर शराब पी रहा था। मना करने वह गाली-गलौज करने लगा। विरोध पर धमकी दी और मारपीट करने लगा था।

# बंगाल के निदेशक कोलकाता से हुए गायब , परिजनों ने गोमती नगर पुलिस से की शिकायत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कंट्रोवर्सियल फिल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल के निर्देशक सनोज मिश्रा कथित तौर पर कोलकाता से गायब हो गए,मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सनोज मिश्रा को कोलकाता पुलिस ने उनकी फिल्म से जुड़ी पूछताछ के लिए बुलाया था.लेकिन परिवार के लोगों का कहना है वह लखनऊ एयरपोर्ट से निकलने के बाद परिवार के लोगों से कहा था कि मैं 24 घंटे में वापिस आ जाऊंगा लेकिन वहां पहुंचने के बाद उनका दोनों नंबर बंद आ रहा है परिवार के लोगों ने लखनऊ के गोमती नगर पुलिस थाना में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है।

### विवादों में रही द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल

फिल्म को लेकर विवाद इस साल के शुरूवात में इसके ट्रेलर के रिलीज होने के बाद शुरू हुआ था। पश्चिम बंगाल में हिंसा को दशार्ने वाली इस फिल्म की आलोचना करते हुए राज्य में माहौल खराब होने का आरोप लगाते हुए उन्हें कानूनी नोटिस जारी किया था जिसके बाद इस फिल्म के डायरेक्टर को मुसीबतों का सामना करना पड़ा।

### सनोज मिश्रा को जान से मारने की मिल रही थी धमकियां

सनोज मिश्रा के लापता होने पर उनकी फैमिली बहुत चिंतित है। उनकी फैमिली का मानना है कि ' द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल, की वजह से जो उन्हें धमकियां मिल रही थी,उसकी वजह से लापता है। उनकी पत्नी दीप्ति मिश्रा ने एक मीडिया इंटरव्यू में अपनी चिंता जताई है।

### 'द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल' 30 अगस्त को होनी थी रिलीज

अयोध्या के राजपुरोहित मधुर महाराज ने कहा, ट्रेलर रिलीज होने के बाद से ही ममता सरकार ने उनपर फर्जी मुकदमे दर्ज करवा दी साथ ही लगातार धमकियां मिल रही थीं। 30 अगस्त को फिल्म रिलीज होने वाली थी जिससे पहले ही ममता सरकार को डर लगने लगा था क्योंकि उन्हें लग रहा था कि बंगाल के जंगलराज पर बनी फि ल्म से कही हिंदू जागरूक न हो जाए जिससे उनकी सत्ता की लुटिया डूब जाए मधुर ने ममता पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि हिंदूवादी फिल्म निर्देशक को यदि जल्द ममता सरकार ने ढूंढ कर नहीं वापिस किया तो देश में बड़ा आंदोलन खड़ा हो जाएगा मधुर ने केंद्र सरकार से भी इस मामले में हस्तक्षेप करने के लिए अपील की है।

# 31 अगस्त तक बंद रहेंगे लखनऊ विश्वविद्यालय समेत कई कॉलेज, जिलाधिकारी ने जारी किया आदेश

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से आरक्षी नागरिक पदों पर सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा के पुनः आयोजन के लिए केंद्र बनाए गए लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालयों में बुधवार से 31 अगस्त तक छात्र-छात्राओं का अवकाश घोषित किया गया है। जिलाधिकारी के आदेश पर कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी ने अवकाश संबंधी निर्देश जारी किए हैं। कुलसचिव ने बताया कि 23, 24, 25, 30 व 31 अगस्त को आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर भर्ती के लिए दो पालियों में लिखित परीक्षा होनी है। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तके और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक होगी।

31 अगस्त तक रहेगा अवकाश

इसलिए कुलपति के आदेश पर निर्धारित परीक्षा केंद्रों लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं का 31 अगस्त तक अवकाश रहेगा। परीक्षा अवधि में किसी भी प्रकार की कोई गतिविधि संचालित नहीं होगी। उन्होंने बताया कि जिन कालेजें के शिक्षक-शिक्षिकाओं की ड्यूटी परीक्षा केंद्रों पर लगाई गई है, उन कालेजों के प्राचार्य शिक्षकों की उपलब्धता व अनुपलब्धता की स्थिति में सुविधानुसार आवश्यक निर्णय ले सकते हैं। एक सितंबर से विश्वविद्यालय सहित संबंधित कालेजों में पठन-पाठन की गतिविधियां पूर्व की तरह संचालित होंगी।

# 'भाजपा-कांग्रेस कर रही आरक्षण विरोधी षडयंत्र', भारत बंद पर मायावती का रिएक्शन; किया समर्थन

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। आरक्षण बचाओ समिति और राजस्थान के एससी/एसटी समूह द्वारा आज यानि 21 अगस्त को भारत बंद का आह्वाहन किया गया। जिसका समर्थन बसपा समेत कई राजनीतिक पार्टियां भी कर रही हैं। अब इस मामले पर मायावती ने भारत बंद को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है और भारत बंद को एक बार फिर समर्थन दिया है।

मायावती ने सोशल मीडिया पर एक्स कर कहा- बीएसपी का भारत बंद को समर्थन, क्योंकि भाजपा व कांग्रेस आदि पार्टियों के आरक्षण विरोधी षडयंत्र एवं इसे निष्प्रभावी बनाकर अन्ततः खत्म करने की मिलीभगत के कारण 1 अगस्त 2024 को SC/ST के उपवर्गीकरण व इनमें क्रीमीलेयर सम्बंधी सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के विरुद्ध इनमें रोष व आक्रोश।'

### आरक्षण में हुए बदलाव को खत्म करने की मांग

बसपा सुप्रीमो ने आगे कहा- सुप्रीम कोर्ट ने आगेश को लेकर इन वर्गों के लोगों द्वारा आज 'भारत बंद' के तहत सरकार को ज्ञापन देकर संविधान संशोधन के जरिए आरक्षण में हुए बदलाव को खत्म करने आदि की मांग की जा रही है। उन्होंने यह बंद बिना किसी हिंसा के अनुशासित व शान्तिपूर्ण तरीके से किये जाने की अपील की है। उत्तर प्रदेश की पूर्व उपमुख्यमंत्री मायावती ने कहा- एससी-एसटी के साथ ही ओबीसी समाज को भी आरक्षण का मिला संवैधानिक हक इन वर्गों के सच्चे मसीहा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के कड़े संघर्ष का परिणाम है, जिसकी अनिवार्यता व संवेदनशीलता को भाजपा, कांग्रेस व अन्य पार्टियां समझकर इसके साथ भी कोई खिलवाड़ न करें।'

# सई नदी में दोस्तो संग नहाने गए युवक की डूबने से मौत

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। एक गांव से सई नदी में दोस्तो संग नहाने के दौरान डूबे युवक का शव दूसरे दिन बुद्धवार को बरामद हुआ। युवक बीते मगंलवार को अपने दोस्तों के साथ भवरेश्वर मंदिर में दर्शन करने के लिए गया था,इस दौरान मंदिर के बगल में स्थित सई नदी में नहाने के दौरान डूब गया था।निगोहां थाना क्षेत्र के गढ़ी गांव निवासी राजगीर छोटेलाल का बेटा प्रवेश (25वर्ष) मंगलवार को अपने दोस्त करन, सचिन, सूरज और रवि के साथ भवरेश्वर मंदिर में दर्शन करने के लिए गया था। यहां दर्शन करने से पहले वह मंदिर के किनारे सई नदी में नहाने चला गया। नदी में पानी काफी ज्यादा था और बहाव भी तेज था। इसी बीच वह गहरे पानी में डूबने लगा। युवक को डूबता देख दोस्तों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। इसके बाद घटना की सूचना बछरावां पुलिस को दी गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल शव की तलाश शुरू कराई। काफी देर प्रयास करने के बावजूद युवक का कोई पता नहीं चल सका। स्थानीय गोताखोरों के साथ ही पुलिस भी देर शाम तक युवक की तलाश में जुटी रही लेकिन सफलता नहीं मिली। शाम को रेस्क्यू ऑपरेशन रोक दिया गया। बुधवार को सुबह स्थानीय लोगों ने एक शव घटनास्थल से करीब एक किमी की दूरी पर नदी में उतराता देख पुलिस को सूचना दी ।जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक के शव को बाहर निकलवाकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा।


# फामेर्सी छात्र-छात्राओ को बांटे टेबलेट

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। बाबू सुंदर सिंह कॉलेज ऑफ फामेर्सी में अध्ययनरत छात्र-छात्राओ को तकनीकी सशक्तिगरण हेतु बुद्धवार को टेबलेट वितरित किये गये। संस्था के अध्यक्ष आनंद शेखर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना युवाओं को तकनीकी रूप से मजबूत बनाती है। कहा कि डिजिटल साक्षरता के दौर में स्मार्ट फोन छात्र छात्राओं के लिये काफी उपयोगी है। टेबलेट पाकर छात्र-छात्राओ के चेहरे खिल उठे।इस मौके पर कॉलेज के उपाध्यक्ष रीना सिंह,निदेशक डॉआलोक कुमार शुक्ला, निदेशक डॉ रवि शंकर मिश्रा,प्रधानाचार्य डॉ आनंद सिंह, उप निदेशक अनिल कुमार सिंह , डीन डॉ नीरज सिंह, डीन डॉ अमित कुमार श्रीवास्तव, एडमिशन हेड अनामिका मौर्य मौजूद रही।

# मिठाई काउंटर में उतरे करंट की चपेट में आकर रेस्टोरेंट संचालक की मौत

अमन लेखनी समाचार



निगोहां। कस्बे में बुद्धवार को रेस्टोरेंट के अंदर मिठाई का काउंटर साफ करने के दौरान करंट लगने से संचालक की मौत हो गयी ।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने रेस्टोरेंट संचालक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। निगोहां कस्बा निवासी सुनील कुमार गुप्ता ने कस्बे में वैष्णवी नाम से रेस्टोरेंट खोल रखा था, बुधवार की सुबह नौ बजे के करीब सुनील रेस्टोरेंट की नौकरो के साथ मिलकर साफ सफाई कर रहे थे,इस दौरान मिठाई काउंटर में उतर रहे करंट की चपेट में आकर गम्भीर रूप से घायल हो गये ।मौके पर पहुंचे परिजन आनन फानन सुनील को इलाज के लिये निजी अस्पताल लेकर गए जहाँ डॉक्टरों से उसे मृत घोषित कर दिया ।रेस्टोरेंट मालिक के मौत की खबर घर पहुंची तो कोहराम मच गया ।मृतक के परिवार में पत्नी नीतू व मासूम बेटी रिद्धी बेटा अदित्य हैं।

## संक्षेप

### चलती बाइक से मार्ग पर एनम गिरी, हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। पति के साथ बाइक पर बैठकर ड्यूटी करने जा रही एनम चलती बाइक से गिरकर गम्भीर घायल हो गयी। जिसे सीएचसी से गम्भीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के अटवा वैक गांव निवासी बीना देवी 30 वर्ष पत्नी आशुतोष कुमार सिंह आज बुधवार सुबह अपने पति बाइक पर पीछे बैठकर फतेहपुर 84 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ड्यूटी करने जा रही थी तभी बांगरमऊ क्षेत्र के हरदोई उन्नाव मार्ग पर केशवपुर गांव के समीप पहुंचते ही वह बाइक से अचानक नीचे गिर गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पति ने आनन-फानन उसे बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। वहीं उसके पति द्वारा निजी वाहन से लखनऊ के किसी निजी अस्पताल लेकर चले गए जहां पर महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित मिला क्लीनिक

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। मुख्यमंत्री पोर्टल पर बगैर रजिस्ट्रेशन क्लीनिक चलाने की शिकायत पर एसीएमओ ने अधीक्षक से जांच रिपोर्टमांगी जिसपर अधीक्षक ने दो सदस्यीय टीम के साथ क्लीनिक पर छापेमारी की जहा बगैर रजिस्ट्रेशन के क्लीनिक चलता मिला, अधीक्षक ने कार्रवाई के लिए एसीएमओ को पत्र भेजा।

नई सराय गांव में बगैर रजिस्ट्रेशन चल रहे क्लीनिक की शिकायत आशीष कुमार ने 24 जुलाई को मुख्यमंत्री पोर्टल पर की थी जिसपर एसीएमओ ने हसनगंज सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर प्रमोद कुमार से जांच रिपोर्ट मांगी बीते दो अगस्त को अधीक्षक डॉ प्रमोद कुमार ने दो सदस्यीय टीम के साथ नई सराय गांव में चल रहे क्लीनिक पर छापेमारी की जहा फर्जी तरीके से मोहसिन खान क्लीनिक चलाते हुए मिला जांच टीम के पहुंचते ही क्लीनिक छोड़ भाग निकला अधीक्षक को जांच के दौरान क्लीनिक में होमियोपैथिक , एलोपैथिक की दवाई भारी मात्रा में रखी हुई मिली क्लीनिक पर अधीक्षक को एक कर्मचारी श्याम सुंदर कुर्सी पर बैठकर दवाई देता हुआ मिला जिसके पास न तो डिग्री न ही क्लीनिक का रजिस्ट्रेशन मिला। हसनगंज सीएचसी अधीक्षक डॉ प्रमोद कुमार ने बताया कि शिकायत पर क्लीनिक पर छापेमारी की गई थी जहा क्लीनिक पर होमियोपैथिक एलोपैथिक की दवाई अधिक मिली मौके पर कोई रजिस्ट्रेशन नहीं मिला है ।एक युवक श्याम सुंदर दवाई देता हुआ क्लीनिक पर मिला, कार्रवाई के लिए एसीएमओ को पत्र भेजा गया है।

# भारत बंद का जनपद में भी रहा व्यापक असर

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। बुधवार को देशभर में भारत बंद के आह्वान का उन्नाव में व्यापक असर देखने को मिला। बसपा और भीम आर्मी के कार्यकताओं ने सड़क पर उतरकर भारतीय संविधान के तहत अनुसूचित जातियों एस सी और अनुसूचित जनजातियों एस टी के आरक्षण को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। आंदोलनकारियों ने साफ किया कि आरक्षण में आर्थिक आधार पर किसी भी प्रकार के बदलाव को स्वीकार नहीं किया जाएगा और एस सी एस टी वर्ग को भाजित करने की कोशिशों का विरोध किया जाएगा।

बंद के दिन, बसपा प्रत्याशी अशोक पांडे और भीम आर्मी के प्रदेश सचिव आकिब अली अंसारी अपने कार्यकताओं के साथ डीएम (जिलाधिकारी) कार्यालय के बाहर इकट्ठा हुए। उन्होंने हाथ में तख्तियां और बैनर लिए हुए थे, जिन पर एस सी एस टी को बांटना बंद करो' जैसे संदेश लिखे गए थे। प्रदर्शनकारियों ने सरकार पर आरोप लगाया कि वह एस सी एस टी वर्ग के आरक्षण को आर्थिक आधार पर संशोधित करने की कोशिश कर रही है, जो संविधान के मूलभूत सिद्धांतों का उल्लंघन है। आंदोलनकारियों ने पहले सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज को ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने एस सी एस टी वर्ग के आरक्षण को आर्थिक आधार पर बदलने की कोशिशों को संविधान के खिलाफ बताया। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि ऐसा करने से इस वर्ग के लोगों के सामाजिक और आर्थिक उत्थान की दिशा में बाधा उत्पन्न होगी ।सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपने के बाद, प्रदर्शनकारी डीएम कार्यालय की ओर बढ़े और वहां भी एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में राज्यपाल को संबोधित करते हुए उन्होंने एस सी एस टी वर्ग के अधिकारों की रक्षा की अपील की और आरक्षण में आर्थिक आधार पर संशोधन का विरोध किया। उनका कहना था कि इस वर्ग के लोग पहले से ही कई सामाजिक और आर्थिक समस्याओं का सामना कर रहे हैं और आरक्षण में बदलाव से उनकी स्थिति और भी दयनीय हो सकती है ।आंदोलन के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरती और किसी भी संभावित उपद्रव को टालने के प्रयास किए। पूरे दिन के प्रदर्शन के बावजूद, इलाके में किसी भी बड़े उपद्रव की सूचना नहीं मिली।

# धीरे धीरे कम होता जा रहा है गंगा का जलस्तर

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगा का जलस्तर में मंगलवार को भी गिरावट दर्ज की गई। इसके बावजूद तटवर्ती इलाकों के सैकड़ों मकानों के आस पास बाढ़ का पानी भरा हुआ है। जिससे यहां के रहने वाले लोगों को मुसीबतें उठानी पड़ रही है। वहीं बिजली कटी होने से अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। जिससे यहां की समस्याएं अभी जस की तस बनी हुई है ।गंगा का जलस्तर जुलाई और अगस्त माह में चेतावनी बिन्दु 112 मीटर पार कर चुका है। इसके चलते तटीय क्षेत्र गोताखोर, कर्बला, शाही नगर, हुसैन नगर, ईदगाह कालोनी, सैय्यद कंपाउंड आदि मोहल्लों में बाढ़ का पानी भरने से लोगों को आने-जाने की दिक्कत हो गई। केन्द्रीय जल अयोग के अनुसार सोमवार को 111.870 मीटर मापा गया था, जो मंगलवार की शाम 5 बजे घटकर 111.740 मीटर पहुंच गया ।बुधवार सुबह भी जलस्तर में गिरावट दर्ज की गई। चेतावनी बिन्दु से 26 उट. नीचे पहुंचे जलस्तर के वाद भी तटीय क्षेत्र में भरा बाढ़ का पानी कम नहीं हुआ। कई मकानों में पानी भरने से लोगों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उसपर गंदगी, जलभराव, मच्छरों का प्रकोप भी बेहाल किए हुए हैं। वहीं तीन सैकड़ा से अधिक घरों में बिजली काट देने से भी लोगों को दिक्कत हो रही है ।गंगा के जलस्तर में कमी आने के साथ ही प्रशासन ने राहत की सांस ली है, क्योंकि इससे बाढ़ की स्थिति में सुधार हुआ है। जलस्तर की कमी से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पानी का स्तर घटा है, जिससे कई क्षेत्रों में आवागमन और सामान्य जीवन में सुधार हुआ है ।लेकिन, जलस्तर घटने के बावजूद स्थानीय लोगों को मुश्किलें बरकरार हैं। मुख्य सड़कों और गली-मोहल्लों में अब भी पानी जमा है, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है और लोगों को अपने रोजमर्रा के कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

# विद्युत ट्रांसफार्मर 6दिनों से खराब मुख्य मंत्री से बदले जाने की लगाई गुहार

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। विद्युत ट्रांस फार्मर 06 दिनों से खराब बदले जाने के लिए ग्रामीणो से विद्युत अभियंता से दूसरा लगाएं जानें के लिए गुहार लगा रहे हैं जब से ग्रामीण अधेरे में रह रहे हैं दूसरा लगाएं जानें के लिए मुख्य मंत्री को आई जी आर एस के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई है विद्युत उप केंद्र पाटन के अंतर्गत ग्राम गोसी खेड़ा में ट्रांस फार्मर 06दिनों से खराब पड़ा है ग्रामीणों ने विद्युत अभियंता को जानकारी दी लेकिन आज तक दूसरा ट्रांस फार्मर नहीं लगा है ग्रामीण अधेरे में रह रहे हैं बिजली नहीं होने के कारण रक्षा बंधन त्योहार भी अधेरे में बीता व स्कूली बच्चों की पढ़ाई व पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी भी नहीं हो पा रही है जिससे बच्चों का भविष्य खराब होने का ग्रामीणों में डर पैदा हो गया है ग्रामीणों ने ट्रांस फार्मर बदले जाने के लिए मुख्य मंत्री को आई जी आर एस प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया हैं जिनमें ब्रज मोहन राम राज राम चंद्र राजेश कुमार रवि शंकर आदि

# पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन सतर्क

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव ।पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर प्रशासन ने इस बार अतिरिक्त सतर्कता बरतने की पूरी तैयारी कर ली है। आगामी पुलिस परीक्षा को नकल और पेपर लीक से सुरक्षित रखने के लिए कई ठोस कदम उठाए गए हैं। 23 अगस्त से 31 अगस्त तक चलने वाली इस परीक्षा में सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने एक व्यापक रणनीति बनाई है। एडीएम की मौजूदगी में बुधवार को रिहर्सल किया है ।एडीएम नरेंद्र सिंह ने बताया कि जिले में परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को सख्त बनाने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। परीक्षा के दिन परीक्षा केंद्रों पर किसी भी प्रकार के असामाजिक तत्वों के प्रवेश को रोकने के लिए सुरक्षा के कड़े उपाय किए गए हैं। केंद्रों पर गहन सुरक्षा जांच की जाएगी और केवल अधिकृत व्यक्तियों को ही अंदर जाने की अनुमति होगी ।परीक्षा में नकल को रोकने के लिए प्रशासन ने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के प्रवेश पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। परीक्षार्थियों के मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को परीक्षा केंद्र के बाहर ही जमा करना होगा। सुरक्षा गाड्र्स और जांच अधिकारी इन उपकरणों की तलाशी लेकर सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी परीक्षार्थी इनका इस्तेमाल न कर सके।

परीक्षा केंद्रों के अंदर सभी कक्षों में घड़ियां लगाई जाएंगी, ताकि परीक्षार्थियों को समय का ध्यान रखने में आसानी हो। इसके अतिरिक्त, सभी परीक्षा केंद्रों को सीसीटीवी कैमरों से लैस किया जाएगा। यह निगरानी प्रणाली परीक्षा के हर पहलू पर नजर रखेगी और किसी भी संदिग्ध गतिविधि को तुरंत रिपोर्ट करेगी ।परीक्षा में किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी को रोकने के लिए कई शिक्षा माफियाओं और नकल गिरोहों के मोबाइल नंबर भी प्रशासन की निगरानी पर हैं। इन लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और उन्हें किसी भी प्रकार की परीक्षा से संबंधित गतिविधियों में शामिल होने से रोका जाएगा। उन्नाव जिले में कुल नौ परीक्षा केंद्रों पर पुलिस भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी। इन केंद्रों को चुनते समय यह ध्यान रखा गया है कि वे आसानी से पहुंचने योग्य हों और हर परीक्षा केंद्र में पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा व्यवस्था हो। परीक्षा केंद्रों की सूची और उनके स्थान परीक्षा से पहले घोषित किए जाएंगे ताकि परीक्षार्थी समय पर पहुंच सकें।

# नही की गई नाले की साफ सफाई हो रहा है जलभराव



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सफीपुर क्षेत्र के पनपथा गांव के मरौंदा इलाके में नाले की सफाई की खामियों के कारण गंभीर जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई है। हाल ही में हुई भारी बारिश के बाद नाले की सफाई न होने से घरों के अंदर पानी भर गया है, जिससे ग्रामीणों की स्थिति बेहाल हो गई है ।ग्रामवासियों ने लगातार ग्राम प्रधान से समस्या का समाधान करने की अपील की, लेकिन उनकी शिकायतों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। जलभराव के कारण घरों के अंदर पानी और कीचड़ भर गया है, जिससे न केवल घरेलू जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, बल्कि बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। गंदगी और कीचड़ के कारण विभिन्न संक्रामक बीमारियों का खतरा पैदा हो गया है, जिससे ग्रामीणों की चिंता और बढ़ गई है ।स्थानीय निवासियों की बार-बार की गई शिकायतों के बावजूद ग्राम प्रधान ने कोई ठोस कदम नहीं उठाए। ग्राम प्रधान की अनदेखी और प्रशासन की उदासीनता ने स्थिति को और भी गंभीर बना दिया है। इस स्थिति से नाराज होकर ग्रामीणों ने अब प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया है ।एक पीड़ित युवक ने घरों के अंदर भरे पानी और कीचड़ की स्थिति को दिखाते हुए एक वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल किया। इस वीडियो में स्थानीय लोगों की परेशानियों को स्पष्ट रूप से दिखाया गया है। वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासन ने इस मुद्दे को संज्ञान में लिया है और संबंधित अधिकारियों को मौके पर भेजने की तैयारी कर ली है।

# कबड्डी प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। माध्यमिक विद्यालयों की क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का आर आर बी एन इण्टर कालेज भगवन्तगर मे सम्पन्न हुई । जिसमे कमलापति इण्टर कालेज बीघापुर ने फाइनल मैच जीत कर जिले मे स्थान पक्का किया ।

माध्यमिक विद्यालयों की क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता बुधवार को आर आर बी एन इण्टर कॉलेज भगवन्तं नगर मे सम्पन्न हुई ।जिसमे सीनियर वर्ग मे पहला मैच स्वामी विवेकानंद इण्टर कालेज निहालीखेडा व कमलापति इण्टर कालेज बीघापुर के मध्य हुआ ।जिसमे कमलापति इण्टर कालेज 25- 13 से विजयी हुई । दुसरा मैच आर आर बी एन इण्टर कालेज व निराला इण्टर कालेज पतारी के मध्य हुआ । जिसमे आर आर बी एन ने 35-6 के अन्तर मे निराला को हरा दिया ।फाइनल मैच कमलापति इण्टर कालेज व आर आर बी एन इण्टर कालेज के मध्य हुआ । जिसमें कमलापति इण्टर कालेज को 21 प्वाइंट व आर आर बी एन को 19 मिले । कडे मुकाबले के बाद कमलापति इण्टर कालेज 2 प्वाइंट से विजयी रही ।कमलापति इण्टर कालेज ने इस विजय के साथ जिला स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता मे अपना स्थान पक्का किया ।प्रतियोगिता मे रिफरी की भूमिका जिला व्यायाम शिक्षिका निशा सिंह तोमर एव बाजितपुर इण्टर कालेज के व्यायाम शिक्षिक सतेन्द्र सिह बबलू ने निभाई । खेल का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य दिलीप कुमार सिह ने टीमों के कैप्टनो से परिचय के बाद की । इस मौके पर खेल प्रभारी ज्ञान प्रताप सिंह , डा मेंहदी हसन, प्रमेन्द्र सिंह,दिवाकर सिंह, सुरेन्द्र सिह , सुनिल कुमार , के एम सिंह, प्रेम चन्द , सुशील पवन कुमार, संजय तिवारी , राम शंकर , राम बहादुर ,सतेन्द्र , सौरभ बाजपेई,श्याम दिक्षित आदि शिक्षक उपस्थित रहे ।

# कृषि विज्ञान केन्द्र में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। धौरा कृषि विज्ञान केंद्र के सभागार में बुधवार को गाजर घास जागरूकता सप्ताह के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। गाजर घास जागरुकता कार्यक्रम भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद - खरपतवार नाशी अनुसंधान निदेशालय जबलपुर मध्य प्रदेश के प्रधान वैज्ञानिक डा पी के सिंह, वैज्ञानिक कीट डा अर्चना अनोखे के मार्गदर्शन में आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में कुल 57 किसानों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण में किसानों को गाजर घास के बारे में जानकारी दी और कहा गया की गाजर घास खतरनाक होती है उसे नष्ट कर देना चाहिए। केंद्र के पौध संरक्षण वैज्ञानिक डॉक्टर जय कुमार यादव ने बताया कि गाजर खास यानी पार्थोनियम को देश के विभिन्न भागों में अलग अलग नाम से नाम से जाना जाता है जैसे सफेद टोपी ,चटक चांदनी , गंधी बूटी आदि नामों से जाना जाता है भारत में 1956 में दृष्टिगोचर होने के बाद यह विदेशी खरपतवार लगभग 35 मिलियन हेक्टेयर क्षेत्र में फैल चुका है बताया कि खाली स्थानों, अनुपयोगी, भूमियों, औद्योगिक क्षेत्र बगीचों पार्को स्कूल तथा अन्य स्थानों पर अधिक पाई जाती है गाजर घास का पौधा तीन से चार महीने में अपना जीवन चक्रपूरा कर लेता है,यह मुख्यता बीजों से फैलता है । यह एक विपुल बीज उत्पादक है और इसमें लगभग 5000 से 25000 बीज प्रति पौधा पैदा करने की क्षमता होती है । बीज अपने कम वजन के कारण हवा पानी और मानवीय गतिविधियों द्वारा आसानी से एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंच जाते हैं । गाजर घास को सबसे अधिक खतरनाक खरपतवारों में गिना जाता है क्योंकि यह मनुष्यों और पशुओं में त्वचा रोग, अस्थमा और ब्रोंकाइटिस जैसी स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनता है। इसके सेवन से पशुओं में अत्यधिक लार और दस्त के साथ मुंह में छाले हो जाते हैं। डा रत्ना सहाय मृदा वैज्ञानिक के वी के ने बताया कि गाजर घास में फूल आने से पहले इस खरपतवार को उखाड़ कर कंपोस्ट या वमीर्कंपोस्ट बनाने में उपयोग कर ले। गाजर घास को विस्थापित करने के लिए चकोड़ा, गेंदा जैसे स्वा-स्थाई प्रतिस्पर्धी पौधों की प्रजातियों के बीच का छिड़काव करें।

## कैसे करे बचाव

**अकृषित क्षेत्रों में संपूर्ण वनस्पति नियंत्रण के लिए ग्लाईफोसेट (1.0- 1.5 प्रतिशत) जैसे शाकनाशी का छिड़काव करें और मिश्रित वनस्पति में पार्थेनियम के नियंत्रण हेतु मेट्रीब्यूजिन (0.3 से 0.5%) या 2,4 डी (1.0 से 1.5 प्रतिशत) का छिड़काव उसमें फूल आने से पहले करें ताकि घास कुल के पौधों को बचाया जा सके, जुलाई अगस्त महीने के दौरान गाजर घास संक्रमित क्षेत्रों में जैविक कीट जाइगोग्रामा बाईकोलोराटा को छोड़ सकते हैं ।जिससे गाजर घास नष्ट हो जाएगी, कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक डा ए के सिंह, इंचार्ज कृषि विज्ञान केंद्र डा धीरज कुमार तिवारी, डा अर्चना सिंह, डा रत्ना सहाय, इंजी. रमेश चंद्र मौर्य, सुनील कुमार सिंह, डा विनीता सिंह, शांतनु सिंह, अनुभव सिंह एवम अन्य स्टाफ शामिल हुए।**

# आधार कार्ड केंद्रों पर अपटेड कराने के लिए लगी रही भीड़

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। काफी समय पहले बने आधार कार्डों में जो अंगूठे का निशान है, उससे कई लोग राशन नहीं ले पा रहे हैं। वजह यह कि उनके फिंगर प्रिंट मिस मैच हो रहे हैं। ऐसे लोगों को आधार कार्ड में फिंगर प्रिंट अपडेट करना पड़ रहा है। इसके लिए आधार कार्ड अपडेट करने वाले केंद्रों पर भीड़ जुट रही है। लोगों को कुछ मिनट के इस काम के लिए काफी लंबा इंतजार करना पड़ रहा है।

फिंगर प्रिंट मिस मैच होने के चलते लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसमें खासकर महिलाएं और बुजुर्ग शामिल हैं। सबसे अधिक दिक्कत राशन को लेकर है। वर्षों पहले बने आधार कार्ड में लिए गए फिंगर प्रिंट राशन वितरण के लिए लगी बायोमेट्रिक मशीन पर काम नहीं कर रहा है। बताया जा रहा है कि समय के साथ बदलते-घिसते फिंगर प्रिंट के चलते ऐसा हो रहा है। इसके कारण लोग आधार केंद्रों पर बायोमेट्रिक अपडेट करा रहे हैं। पिछले एक महीने से नगर के एक मात्र आधार कार्ड केंद्र बैंक आफ इंडिया में आधार केंद्र पर इस कदर भीड़ चल रही है कि कि लोगों को कई-कई दिनों तक पूरे दिन खड़े होकर बारी का इंतजार करना पड़ रहा है।

नगर में बैंक ऑफ इंडिया स्थित मात्र एक आधार कार्ड केंद्र पर रोजाना बड़ी संख्या में आधार कार्ड बनवाने व संशोधन करवाने वालों की भारी भीड़ लग रही है। नगर के कुछ सभासदों द्वारा आधार कार्ड संशोधन के केंद्र बढ़ाए जाने की मांग भी की जा चुकी है। परंतु अभी तक इस संबंध में कोई कार्यवाही न होने के चलते नगर के एकमात्र केंद्र पर समस्या ज्यों कि त्यों बनी हुई है। इन दिनों सरकार की राशन योजना के लिए ई-पॉश मशीन से बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण में लोगों को दिक्कत आ रही है। बताया जा रहा है कि फिंगर प्रिंट गलत बता रहा है। ऐसे लोगों को फिंगर प्रिंट के लिए बायोमेट्रिक अपडेट कराने की सलाह दी जा रही है।

## लंबी बीमारी के चलते ग्राम प्रधान का हुआ निधन



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।विकास खंड क्षेत्र की ग्राम सभा सैंता के ग्राम प्रधान की लम्बी बीमारी के चलते मौत हो गई। ग्राम प्रधान की मौत की खबर से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सैता ग्राम प्रधान लगभग पैंतालीस वर्षीय आरिफ खां लम्बे समय से गम्भीर बीमारियों से पीड़ित थे। उनका इलाज लखनऊ के एक अस्पताल में चल रहा था। बुधवार को उनकी हालत बिगड़ गई और उनकी बीमारी के चलते मौत हो गई। उनकी मौत से गांव तथा परिवार में शोक की लहर दौड़ गई।

# डिप्थीरिया के प्रकोप से अब तक पांच बच्चो की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव ।डिप्थीरिया के प्रकोप से लोगों में दहशत है। अब तक 15 मामले डिप्थीरिया के आ चुके हैं। अब तक डिप्थीरिया से पांच बच्चों की मौत हो चुकी है । उन्नाव में सबसे ज्यादा डिप्थीरिया से नवाबगंज, हसनगंज और असोहा ब्लॉक के गांव हैं। अब तक सात गांवों में डिप्थीरिया के मामले सामने आ चुके है ।उन्नाव में डिप्थीरिया से लोगों में दहशत है। नवाबगंज और असोहा ब्लॉक के तीन गांवों में डिप्थीरिया (गला घोटूं) बीमारी से पांच बच्चों की मौत हो गई। एक मृतका के भाई बहन सहित छह बच्चे संक्रमित भी हुए। नवाबगंज ब्लॉक क्षेत्र के सतगुरखेड़ा गांव निवासी शिवन्या (6) पुत्री गोविंद के गले में खरास के साथ बुखार व खांसी आने से परिजन निजी अस्पताल में इलाज करा रहे थे। सुधार न होने पर 12 अगस्त को लखनऊ के लोकबंधु अस्पताल लेकर गए थे ।डॉक्टर ने गला घोंटू बीमारी की आशंका जताते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था। 15 अगस्त की दोपहर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शिवन्या की बड़ी बहन सेजल (9) के भी गले में लक्षण दिखने पर स्वास्थ्य टीम को भेजा गया है। नवाबगंज ब्लॉक के गांव बजेहरा निवासी शगुन (12) पुत्री सुनील कुमार को 7 अगस्त को बुखार व गले में दर्द होने पर परिजन सीएचसी लेकर गए थे।

डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर किया था। जांच में डिप्थीरिया की पुष्टि होने पर कानपुर हैलट भेजा गया। आठ अगस्त को इलाज के दौरान मौत हो गई ।असोहा ब्लॉक के दरियारखेड़ा गांव निवासी आरती (7) पुत्री रामेश्वर को चार अगस्त को बुखार आने के साथ गले में दर्द के साथ सूजन आई। परिजन निजी अस्पताल लेकर गए। डॉक्टर ने इलाज किया। सुधार न देख सरस्वती मेडिकल कॉलेज लाए थे। वहां जांच में डिप्थीरिया की पुष्टि होने पर लखनऊ किंगजॉर्ज मेडिकल कॉलेज भेजा था। सात अगस्त को उसकी मौत हो गई थी ।वहीं रामेश्वर का बड़ा बेटा मोहित (12), पड़ोसी राजोले के दो बेटे शुभ (7) व राजन (4) सहरावां गांव निवासी शिवा (6) पुत्र लक्ष्मण को यही दिक्कत होने पर जिला अस्पताल भेजा गया। वहां से इलाज में सुधार में होने पर परिजन घर ले आए ।असोहा ब्लॉक के उमर्रा गांव निवासी अंकित (4) पुत्र संदीप का 10 अगस्त से इसी बीमारी के चलते किंगजॉर्ज मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा था। 19 अगस्त रात उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। उसी ब्लॉक के सहरावां गांव निवासी कोमल (15) की मंगलवार को अचानक हालत बिगड़ी। गले में दर्द के साथ बुखार आया। परिजन उसे स्वास्थ्य केंद्र ले जा रहे थे। रास्ते में उसकी मौत हो गई। दो मौतों से हड़कंप मच गया ।असोहा सीएचसी प्रभारी डॉ. वीपी सिंह स्वास्थ्य टीम के साथ पहुंचे और मृतक के परिजनों से जानकारी ली। साथ ही शिविर लगाकर टीकाकरण शुरू कराया। पहले से भी वहां टीकाकरण चल रहा था। स्वास्थ्य आंकड़ों के मुताबिक अब तक 1250 बच्चों का टीकाकरण किया जा चुका है। इसमें 400 डीपीटी और 850 टीडी के टीके लगाए गए हैं। जिला अस्पताल में उमर्रा निवासी स्नेहा (10) पुत्री अयोध्या में डीपीटी की पुष्टि होने पर जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है ।सीएमओ डॉ. सत्यप्रकाश ने बताया कि मामला जानकारी में आया है। स्वास्थ्य टीम को गांव भेजा गया है। ताकि बच्चों की जांच कराने के साथ उन्हें दवा दी जा सके। अब तक 15 मामले आ चुके है। तीन ब्लॉक में केश ज्यादा है जिसमे असोहा, हसनगंज और नवाबगंज शामिल है।

## सम्पादकीय

# सीएए से पात्र शरणार्थियों को मिल रहे अधिकार

लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेक्युलर सिविल कोड (धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता) की बात छेड़ कर यूसीसी (यूनिफॉर्म सिविल कोड यानी समान नागरिक संहिता) की बहस को तेज कर दी है, इस बीच गृहमंत्री अमित शाह ने नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत पड़ोसी देशों के अल्पसंख्यक शरणार्थियों को नागरिकता प्रमाण पत्र देकर सरकार की मंशा को साफ कर दिया है कि वह अल्पसंख्यकों के लिए खड़ी है। सीएए के विधेयक से लेकर कानून बनने तक काफी विरोध हुआ था, इसके बाद भी सरकार ने कदम पीछे नहीं खींचे थे। आज जब बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के खिलाफ लक्षित हिंसा हो रही है, तो सहज ही समझ में आती है कि भारत के लिए सीएए बनाना क्यों जरूरी था? कायदे से पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान से भारत आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, ईसाई आदि अल्पसंख्यक शरणार्थियों के लिए भारत एक मूल देश की तरह है, इसलिए उन्हें अपनाना भारत का दायित्व है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि कांग्रेस तथा उसके सहयोगियों की अगुवाई वाली पिछली सरकारों की तुष्टिकरण की राजनीति के कारण देश में बड़ी संख्या में शरणार्थियों को नागरिकता अधिकार नहीं दिए गए। गुजरात में 188 हिंदू शरणार्थियों को नागरिकता प्रमाणपत्र दिया गया। नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) लाखों शरणार्थियों को उनके अधिकार तथा न्याय देने के लिए है। शाह ने मुसलमानों को भी आश्वासन दिया कि सीएए में किसी की भी नागरिकता छीनने का कोई प्रावधान नहीं है, क्योंकि यह नागरिकता देने के बारे में है। यह सही है कि अतीत में देश में अल्पसंख्यकों को तुष्ट करने के लिए राजनीति होती रही है, जिसके चलते वाजिब मुद्दे भी नेपथ्य में रहे हैं। नहीं तो देश में संविधान धर्मनिरपेक्ष है, इसके बावजूद समान नागरिक संहिता जैसे अहम प्रावधान लागू नहीं पाए, जबकि भारत जैसे विविध धर्म व संस्कृति वाले देश में समान नागरिक संहिता बहुत पहले लागू होनी चाहिए। कानून की नजर में सभी नागरिक समान है, इसलिए उन पर एक ही नियम कायदे लागू रहने चाहिए। सरकार को सीएए की तरह ही सेक्युलर नागरिक संहिता भी लेकर आना चाहिए। देश में अगर किसी भी रूप में गलत चीज हो रही है, तो उसके चेक व बैलेंस का नियम तो रहना ही चाहिए। कांग्रेस तथा उसके सहयोगियों की पिछली सरकारों की तुष्टिकरण की नीति के कारण शरण के लिए देश में आए लोगों को उनका अधिकार और न्याय 1947 से 2014 तक नहीं मिला। शरणार्थी अगर देश में रह रहे हैं और सरकार ने उन्हें रहने की अनुमति दी हुई है, तो उन्हें वैध तरीके से नागरिकता देने में हर्ज नहीं होना चाहिए, इससे वे शरणार्थी टेक्स सिस्टम में आएंगे, राष्ट्र के निर्माण में योगदान करेंगे। सीएए कानून पारित होने के बाद इस पर जमकर राजनीति भी हुई थी, जिसमें कांग्रेस समेत विपक्ष के अनेक नेताओं ने लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया कि इससे मुसलमानों के साथ अन्याय होगा और वे अपनी नागरिकता खो देंगे। जबकि तथ्यात्मक रूप से यह बात ही गलत है। भारत में हिंदू बहुसंख्यक है, जबकि पड़ोसी देशों पाकिस्तान, बांग्लादेश व अफगानिस्तान में हिंदू अल्पसंख्यक हैं, वहां मुस्लिम बहुसंख्यक है। इन मुस्लिम बहुसंख्यक देशों में हिंदुओं पर अत्याचार होते रहे हैं, जिससे बचने के लिए वे भारत में शरणार्थी के रूप में रहने लगे थे। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ ताजा हिंसा उदाहरण है। सीएए से मदद मिल रही है। अब सरकार को यूसीसी की ओर बढ़ना चाहिए।



पीएम संबोधन

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था संवरेगी

निःसंदेह इस समय किसानों की आमदनी बढ़ाने और देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को संवारने के लिए सरकार की महत्वपूर्ण पहल उभरकर दिखाई दे रही है। गौरतलब है कि कृषि अनुसंधान को बढ़ावा देने के अभियान के तहत 11 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) परिसर के खेतों में जाकर 61 फसलों की 109 नई एवं उन्नत किस्में जारी करते हुए कहा कि इनसे देश में कम जमीन में अधिक पैदावार लेने और किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिल सकेगी। इससे महंगाई से भी बचाव होगा। कृषि भंडारण क्षमता के भौगोलिक स्तर पर उचित वितरण की डगर पर भी सरकार को आगे बढ़ना होगा।

15 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लालकिले से देश को संबोधित करते हुए ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर ध्यान केंद्रित किया और कहा कि कृषि व्यवस्था को ट्रांसफॉर्म करना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा कृषि व ग्रामीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दिए जाने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। इसी के मद्देनजर इन दिनों प्रकाशित हो रही वैश्विक आर्थिक संगठनों और वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों की रिपोर्टों में भारत में कृषि सेक्टर में सुधार और ग्रामीण खपत में वृद्धि के मद्देनजर भारत की विकास दर के अनुमान बढ़ाए जा रहे हैं। हाल ही में एशियाई विकास बैंक (एडीपी) के द्वारा जारी रिपोर्ट में चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की विकास दर को 6.7 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 फीसदी कर दिया गया है। इसी तरह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत की विकास दर अनुमान को 6.8 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 फीसदी, ओईसीडी ने 6.2 से बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत, स्टैंडर्ड चार्टर्ड ने 6.3 से बढ़ाकर 7 प्रतिशत तथा फिच ने 7 से बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत किया है। इसमें कोई दोमत नहीं है कि सरकार को इस वर्ष जो बेहतर मानसून विरासत में मिला है, उससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था रफ्तार से बढ़ रही है। पूरे देश के कोने-कोने में बेहतर मानसून के लाभ दिखाई देने लगे हैं। बेहतर मानसून से ग्रामीण इलाके में खपत बढ़ रही है।

बढ़ते हुए कृषि उत्पादन और ग्रामीण भारत के विकास के लिए सरकारी योजनाओं के तहत किए गए भारी व्यय तथा स्वरोजगार की ग्रामीण योजनाओं से ग्रामीण परिवारों की आमदनी में तेज इजाफे के साथ उनकी क्रय शक्ति बढ़ी है। ऐसे में भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में लोग अधिक खर्च कर रहे हैं। कृषि संबंधी संसाधनों की अधिक बिक्री हो रही है, वरन गांवों में उपभोक्ताओं की खरीदारी भी उच्च स्तर पर है। यह सब ग्रामीण भारत में भविष्य के प्रति उत्साह और वर्तमान के बेहतर परिणामों का प्रतीक है। हाल ही में 12 अगस्त को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के द्वारा जारी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा महंगाई के आंकड़ों के अनुसार जुलाई 2024 में खुदरा महंगाई दर घटकर 3.54 फीसदी रह गई है, जबकि जून 2024 में खुदरा महंगाई दर 5.08 प्रतिशत थी। खुदरा महंगाई दर पिछले 5 वर्षों के सबसे कम ऐसे स्तर पर पहुंच गई है, जो कि रिजर्व बैंक के द्वारा निर्धारित 4 प्रतिशत के लक्ष्य से भी नीचे है। निःसंदेह इस समय किसानों की आमदनी बढ़ाने और देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को संवारने के लिए सरकार की महत्वपूर्ण पहल उभरकर दिखाई दे रही है। गौरतलब है कि कृषि अनुसंधान को बढ़ावा देने के अभियान के तहत 11 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) परिसर के खेतों में जाकर 61 फसलों की 109 नई एवं उन्नत किस्में जारी करते हुए कहा कि इनसे देश में कम जमीन में अधिक पैदावार लेने और किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिल सकेगी। इससे महंगाई से भी बचाव होगा।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुताबिक वर्ष 2024-25 के बजट के तहत किसानों के कल्याण और कृषि को विकास का इंजन बनाने की रणनीति के तहत



किसानों के हित में कृषि व ग्रामीण क्षेत्र की क्षमता के दोहन के जो अभूतपूर्व कदम आगे बढ़ाए गए हैं, उनसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई जान फूंकी जा सकेगी। इस बजट के माध्यम से कृषि सेक्टर के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये सुनिश्चित किए हैं। बजट के तहत शीघ्र खराब होने वाले सामान की बाजार में समुचित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए इस बजट में प्रभावी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। बजट के तहत उपभोक्ता मामलों के विभाग को दाम स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) के लिए 10,000 करोड़ रुपये दिए गए हैं। जहां इस कोष का उपयोग दाल, प्याज और आलू के बफर स्टॉक को रखने के लिए किया जाएगा। प्राकृतिक खेती पर भारी प्रोत्साहन सुनिश्चित किए गए हैं और आगामी दो वर्षों में एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

इस बार वित्त मंत्री ने नए बजट में जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने, दलहन-तिलहन की पैदावार बढ़ाकर और किसानों की आय बढ़ाने, बीज की समस्या के निराकरण और मुख्य फसलों की उत्पादकता प्रभावित होने जैसे मामलों की चुनौतियों को कम करने कृषि के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए ज्यादा प्रावधान किए हैं। निश्चित रूप से सरकार के द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को संवारने की डगर पर आगे बढ़ते हुए कई अहम बातों पर ध्यान दिया जाना होगा। कृषि प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल, कृषि में मशीनीकरण को बढ़ाए जाने, जलवायु अनुकूल कृषि-खाद्य प्रणाली अपनाएं जाने, अधिक ग्रामीण कच्ची सड़कों को मंडियों से जोड़ने, जैसी नीतिगत प्राथमिकताओं के साथ-साथ आपूर्ति श्रृंखला में सुधार से खाद्य वस्तुओं की महंगाई को नियंत्रित रखने के कारगर प्रयासों की डगर पर लगातार आगे बढ़ना होगा। चूंकि देश में फसल कटाई के बाद की उपयुक्त व्यवस्था न होने से 12 से 14 फीसदी तक खाद्यान्न और करीब 35 फीसदी तक सब्जी और फलों की पैदावार बर्बाद हो जाती है। ऐसे में बजट के तहत इस वर्ष खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग के लिए जिस तरह खाद्य भंडारण और वेयरहाउसिंग के लिए ऋणों की राशि दोगुनी सुनिश्चित की गई है, उसके कारगर उपयोग पर ध्यान देना होगा। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के अनुसार कृषि भंडारण क्षमता वर्ष 2023 में 14.5 करोड़ टन थी। अब उसे वर्ष 2030 तक दोगुना बढ़ाने की रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। कृषि भंडारण क्षमता के भौगोलिक स्तर पर उचित वितरण की डगर पर भी सरकार को आगे बढ़ना होगा।

जहां उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, गुजरात, पंजाब और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में तो अधिक भंडारण क्षमता है वहीं बिहार और मध्य प्रदेश जैसे कई राज्यों में इसकी भारी कमी है। सरकार को इस ओर भी ध्यान देना होगा कि ज्यादातर कोल्ड स्टोरेज में केवल एक ही फसल रखने की व्यवस्था होती है। अन्य फसलों के भंडारण की सुविधा इनमें नहीं होती। इसलिए अब देशभर में भंडारण क्षमता को उन्नत कर इनमें सभी या एक से अधिक कृषि उपज रखने की व्यवस्था की ओर भी ध्यान दिया जाना होगा। हम उम्मीद करें कि 11 अगस्त को सरकार ने 61 फसलों की 109 नई एवं उन्नत किस्मों से किसानों की आय बढ़ाने की जो पहल की है, उसके लाभों और प्रयोग के बारे में किसानों को उपयुक्त रूप से प्रशिक्षित किया जाएगा। वर्ष 2024-25 के नए बजट से कृषि और ग्रामीण विकास को रफ्तार देने के जो रणनीतिक कदम बताए गए हैं, उनके क्रियान्वयन पर शुरुआत से ही ध्यान दिया जाएगा। इनके साथ ही सरकार द्वारा बेहतर मानसून की शक्ति को मुट्ठी में लेकर कृषि सुधारों की डगर पर तेजी से आगे बढ़ा जाएगा। ऐसे में जहां छोटे किसानों व ग्रामीण भारत के करोड़ों लोगों की खुशियां बढ़ेंगी, वहीं ग्रामीण अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ते हुए दिखाई दे सकेगी।

रक्षाबंधन

श्वेता गोयल



# शालीन एवं सात्विक स्नेह संबंधों का पावन पर्व

भाई-बहन के बीच अटूट बंधन, स्नेह और विश्वास का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व सदियों से ही भारतीय जनमानस का अभिन्न अंग है। प्रतिवर्ष श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाए जाने वाले इस पर्व की भारतीय समाज और संस्कृति में बड़ी महत्ता है। रक्षाबंधन पर्व इस वर्ष 19 अगस्त को मनाया जा रहा है। भाईयों की कलाई पर राखियां बांधने के लिए बहनें इस दिन का वर्षभर इंतजार करती हैं। यह पर्व रक्षा के तात्पर्य से बांधने वाला एक ऐसा सूत्र है, जिसमें बहनें अपने भाईयों के माथे पर तिलक लगाकर जीवन के हर संघर्ष तथा मोर्चे पर उनके सफल होने तथा निरन्तर प्रगति पथ पर अग्रसर रहने की ईश्वर से प्रार्थना करती हैं तथा उनके सुखद जीवन के लिए मंगलकामना करती हैं। भाई भी अपनी बहनों को हर प्रकार की विपत्ति से रक्षा करने का वचन देते हैं।

मान्यता है कि सावन माह की पूर्णिमा के दिन शुभ मुहूर्त में बांधे गए रक्षासूत्र का प्रभाव बहुत शक्तिशाली होता है। वैसे तो हिन्दू समाज में रक्षाबंधन बहनों द्वारा भाईयों को रक्षा-सूत्र बांधने के पर्व के रूप में प्रचलित है लेकिन पूर्व में यह पर्व भाई-बहन तक ही सीमित नहीं था बल्कि विपत्ति आने पर अपनी रक्षा के लिए अथवा किसी की आयु और आरोग्य की वृद्धि के लिए किसी को भी रक्षा-सूत्र बांधा या भेजा जाता था। किसी भी धार्मिक और सांस्कृतिक अनुष्ठान के बाद आज भी रक्षा-सूत्र के माध्यम से ही सभी उपस्थितजनों को रक्षा का संकल्प कराया जाता है। भारतीय परम्परा में विश्वास का बंधन ही मूल है और इसी विश्वास का बंधन है रक्षाबंधन। बहन द्वारा भाई को रक्षा-सूत्र बांधने का चलन कब शुरू हुआ, इसकी कोई सटीक प्रामाणिक जानकारी नहीं मिलती लेकिन रक्षाबंधन मनाए जाने के संबंध में अनेक पौराणिक एवं ऐतिहासिक प्रसंगों का उल्लेख अवश्य मिलता है। बहनों द्वारा भाईयों की कलाई पर बांधी गई राखी के प्रभाव से शास्त्रों में अनेक जगहों पर रक्षाबंधन के महत्व का उल्लेख मिलता है। विभिन्न धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख है कि देवता भी यह पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाते थे। पद्म पुराण, स्कन्ध पुराण और श्रीमद्भागवत में वामनावतार नामक कथा में रक्षाबंधन का प्रसंग मिलता है। एक अन्य प्रसंग में जब देवराज इन्द्र बार-बार राक्षसों से परास्त होते रहे और हर बार राक्षसों के हाथों देवताओं की हार से निराश हो गए तो इन्द्राणी ने कठिन तपस्या कर अपने तपोबल से एक रक्षासूत्र तैयार किया। यह रक्षासूत्र इन्द्राणी ने देवराज इन्द्र की कलाई पर बांधा और इस रक्षासूत्र के प्रभाव से देवराज इन्द्र राक्षसों को परास्त करने में सफल हुए। कहते हैं कि तभी से रक्षाबंधन पर्व की शुरुआत हुई। एक उल्लेख यह भी मिलता है कि जब भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया था, तब उन्होंने एक ब्राह्मण का वेश धारण कर अपनी दानशील प्रवृत्ति के लिए तीनों लोकों में प्रसिद्ध राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगी और बलि द्वारा उनकी मांग स्वीकार कर लिए जाने पर भगवान वामन ने अपने पग से सम्पूर्ण पृथ्वी को नापते हुए बलि को पाताल लोक भेज दिया। कहा जाता है कि उसी की याद में रक्षाबंधन पर्व मनाया गया।

महाभारत काल के एक प्रसंग के अनुसार एक बार भगवान श्रीकृष्ण की उंगली से रक्त बह रहा था। जैसे ही द्रोपदी की नजर गई, उसने तुरंत अपनी साड़ी का किनारा फाड़कर उनकी उंगली पर बांध दिया, जिसके बाद श्रीकृष्ण ने उसकी रक्षा करने का संकल्प लिया, जिसे वे आजीवन निभाते रहे। ऐतिहासिक दृष्टि से इस पर्व की शुरुआत मध्यकालीन युग से मानी जाती है। भारतीय इतिहास ऐसे प्रसंगों से भरा पड़ा है, जब राजपूत योद्धा अपनी जान की बाजी लगाकर युद्ध के मैदान में जाते थे तो उनके प्रदेश की बेटियां उनकी आरती उतारकर उनकी कलाई पर रक्षा-सूत्र बांधा करती थी। बंगाल विभाजन के बाद नोबेल पुरस्कार विजेता रवीन्द्रनाथ टैगोर ने हिन्दुओं और मुसलमानों से एकजुट होने का आग्रह किया था और दोनों समुदायों से एक-दूसरे की कलाई पर रक्षा-सूत्र बांधने का निवेदन किया था।

# राम सब घट मेरा साइयां



संकलित

दर्शन

पूरे संसार में राम का निवास है, सबमें भगवान हैं और हम उन्हें हाथ जोड़कर प्रणाम करते हैं। राम ईश्वर के रूप में सबके हृदय में है। कबीर ने कहा है-'राम सब घट मेरा साइयां'... राम ईश्वर के रूप में सबके हृदय में हैं। सदा सर्वदा सबके हृदय में रहेंगे, लेकिन हमारे स्वार्थ, हमारे हेतु, हमारी मानसिकताओं के कारण कभी-कभी हम राम को साधन बना बैठते हैं। इसलिए हम राम को सही रूप में नहीं समझ पाते। प्रत्येक व्यक्ति में यदि हमें सिया राम के दर्शन होने लगें तो तमाम भेदभाव समाप्त हो जाएंगे। जातीय आधार पर भेदभाव काफी हद तक कम हुआ है, लेकिन अब भी बहुत कुछ करने की जरूरत है। इसके लिए धर्माचार्यों को आगे आना होगा। धार्मिक क्षेत्र हो, राजनीतिक या फिर सामाजिक क्षेत्र, अंतिम व्यक्ति पूज्य होना चाहिए। अगर अंतिम व्यक्ति आप तक नहीं पहुंच पा रहा है तो यह आपकी जिम्मेदारी है कि आप उस तक पहुंचें। भारतीय दर्शन में इहलोक और परलोक की बात आती है। इहलोक और परलोक का कल्याण करने की बात मेरी दृष्टि में इह यानी अपने संसार के साथ-साथ दूसरों का भी कल्याण हो, ऐसा प्रयास करना ही इहलोक और परलोक को सुधारना है। दूसरों के कल्याण की भावना का क्षेत्र बहुत व्यापक है। हम व्यापक व विराट की संतान हैं, इसलिए दूसरों के कल्याण का भारतीय सोच पूरे विश्व के कल्याण का सोच है। जब हम वसुधैव कुटुंबकम की बात करते हैं, तो दुनिया के सभी देशों के कल्याण की बात करते हैं।

# तुलसीदास जी द्वारा विप्रचंद ब्राह्मण पर कृपा



संकलित

प्रेरणा

एक बार एक विप्रचंद नामक ब्राह्मण से हत्या हो गयी और उस हत्या के प्रायश्चित के लिये वह अनेक तीर्थों में घूमता हुआ काशी आया। वह मुख से पुकार कर कहता था: राम राम ! मै हत्यारा हूँ, मुझे भिक्षा दीजिये। श्री गोस्वामी जी ने उसके मुख से अपने इष्टदेव का अतिसुंदर राम नाम सुनकर उसे अपने निवास स्थान पर बुला लिया और उसे हृदय से लगा लिया। गोस्वामी जी ने बड़ी प्रसन्नता से उसे अपनी पंक्ति में बैठकर प्रसाद खिलाया जिससे वह शुद्ध हो गया। काशी के ब्राह्मणों ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने एक सभा की और उसमें गोस्वामी जी को बुलवाया। सभी पंडितो ने गोस्वामी जी से पूछा कि प्रायश्चित पूरा हुए बिना ये ब्राह्मण कैसे शुद्ध हो गया? गोस्वामी जी ने कहा कि वेदों पुराणों में भगवान के नाम की महिमा लिखी है, उसे पढ़कर देख लीजिये। भगवननाम के प्रताप से ही यह ब्राह्मण भी शुद्ध हो गया। उन्होंने गोस्वामी जी से कहा कि महिमा लिखी तो है परंतु हमें विश्वास नहीं होता। गोस्वामी जी ने पूछा कि फिर आपको कैसे होगा विश्वास वह उपाय कहिये? इस पर ब्राह्मणों ने कहा: यदि इस व्यक्ति के हाथ से भगवान शंकर के नंदी जी प्रसाद खा लें तो हम लोग इसे अपनी जाति, पंगति में ले सकते हैं अथवा नहीं। सब लोग काशी में ज्ञानवापी नदी के तट पर पहुंचे जहां शर्त रखी गयी थी। श्री गोस्वामी जी ने नन्दीश्वर से कहा: हे नंदीश्वर ! यदि यह ब्राह्मण राम नाम के प्रताप से शुद्ध हो गया है तो आप इसके हाथ से प्रसाद स्वीकार करके नाम की महिमा को प्रमाणित कीजिये। नन्दीश्वर ने प्रसन्नता के साथ प्रसाद स्वीकार कर लिया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### देश खुशहाल तो हम खुशहाल

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर देश को संबोधित करते हुए कहा कि कलह पैदा करने वाली प्रवृत्तियों को समाज को खारिज करना चाहिए। राष्ट्रपति ने देश और समाज के कल्याण के लिए बहुत बढ़िया सलाह हमें दी, लेकिन अफसोस कि बहुत ही कम लोग ऐसे होंगे जो इस पर अमल करेंगे, बाकियों को तो अपने स्वार्थ से ही फुर्सत नहीं। ऐसे लोग देश और समाज के बारे में क्या सोचेंगे? अगर हम धर्म और जाति के जंजाल में ही उलझे रहेंगे और इन भावनाओं में बहकर देश को नुकसान पहुंचाने की कोशिश किसी न किसी तरह करते रहेंगे तो हमारे देश और समाज कभी भी बुराइयों से आजाद नहीं हो पाएगा। इसके विपरीत हम अपना ही नहीं, बल्कि अपनी भावी पीढ़ी का भविष्य भी दांव पर लगा देंगे। हमें यह बात समझनी है कि देश की खुशहाली में ही सबकी खुशहाली है। *- तपन चक्रवर्ती, महासमुंद*

## करंट अफेयर

# ट्रंप का हैरिस पर हमला बेहतर दिखने का दावा

राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी प्रतिद्वंद्वी डेमोक्रेटिक पार्टी की कमला हैरिस के खिलाफ निजी हमला करते हुए कहा कि वह 'उनसे कहीं ज्यादा अच्छे दिखते हैं।' अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने शनिवार को पेंसिल्वेनिया में एक रैली में यह टिप्पणी की। ट्रंप ने 'टाइम' पत्रिका के हालिया आवरण पृष्ठ का हवाला दिया, जिसमें उपराष्ट्रपति हैरिस को दिखाया गया है। ट्रंप (78) ने 'टाइम' पत्रिका के चित्रकार द्वारा हैरिस (78) के चित्र के साथ 'अत्यधिक उदारता'' दिखाने की आलोचना करते हुए कहा, 'मैं उनसे कहीं अधिक अच्छा दिखता हूं।



## ऑफ बीट

# मृदा से आती ध्वनियां देती हैं मृदा की सेहत की जानकारी

अच्छी मृदा का सीधा संबंध जीवन से है। पृथ्वी की 59 प्रतिशत प्रजातियां मृदा में ही रहती हैं। वे मृदा की गुणवत्ता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और अगर व्यापक रूप से बात करे तो ये प्रजातियां धरती की सेहत को भी दुरुस्त बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती हैं। लेकिन यह महत्वपूर्ण संसाधन खतरे में है। वर्तमान में दुनिया की 75 प्रतिशत मृदा की गुणवत्ता खराब है। वनों की कटाई, पशुओं के अत्यधिक चरने, शहरीकरण और अन्य क्रियाकलापों के कारण यह आंकड़ा 2050 तक 90 प्रतिशत तक पहुंच सकता है।



## ट्रेंड

### नागरिकता पाएं

आज भी कुछ राज्य सरकारें हैं जो लोगों को गुमराह कर रही हैं। मैं आज देशभर के शरणार्थी बहनों- भाइयों को कहता हूँ कि, आप बेझिझक एप्लीकेशन दीजिए और नागरिकता प्राप्त कीजिए।

**-अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री**



### कानून अपनाने को कहा था

देशभर के डॉक्टर अपने खिलाफ हिंसा का विरोध करते हुए हड़ताल पर हैं, यह संसद में मेरे हस्तक्षेप की याद दिलाता है जिसमें सरकार से यह सुनिश्चित करने के लिए एक कानून अपनाने को कहा था। मेरे निजी सदस्य के विधेयक को खारिज कर दिया गया। **-शशि थरूर, कांग्रेस नेता**



### पुष्पा द्रविड़ की पेंटिंग्स

एनजीएमए में पुष्पा द्रविड़ की पेंटिंग्स की पूर्वव्यापी प्रदर्शनी को देखने का सौभाग्य मिला। वह एक ऐसी प्रतिभाशाली कलाकार हैं, जिन्होंने अमूर्त से लेकर आलंकारिक और यहां तक कि भित्तिचित्रों तक विभिन्न कला रूपों के साथ प्रयोग किया है।

**-किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी**



### क्रांतिकारी मदन लाल ढींगरा

महान क्रांतिकारी मदन लाल ढींगरा ने मात्र 25 साल की आयु में ख़ुद को देश के लिए बलिदान कर दिया था। उस अमर बलिदानी के त्याग और समर्पण को क्या हम आज़ाद भारत में उचित सम्मान दे पाए?

**-राज बब्बर, पूर्व सांसद व अभिनेता**



## संक्षेप

### मकान की छत पर लटक रहा है उल्टा तिरंगा

शुक्लागंज, उन्नाव। नगर पालिका गंगाघाट की ओर से शहर घर तिरंगा अभियान के तहत घर-घर तिरंगे बांटे गए थे। इस अभियान का उद्देश्य देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता को प्रोत्साहित करना था, लेकिन तेजी पुरवा इलाके में तिरंगे का उल्टा लटकना इस अभियान की गरिमा को प्रभावित कर रहा है। मकान की छत पर उल्टा लगा तिरंगा छह दिनों से इसी स्थिति में है, लेकिन अब तक किसी जिम्मेदार व्यक्ति की नजर इस पर नहीं पड़ी है। स्थानीय निवासियों और नागरिक समाज के सदस्यों ने कई बार शिकायत की है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। यह स्थिति राष्ट्रीय ध्वज के प्रति उचित सम्मान की कमी को दशार्ती है। गंगा घाट नगर पालिका को इस मामले को गंभीरता से लेना चाहिए और तिरंगे की सही स्थिति सुनिश्चित करनी चाहिए। यह न केवल राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की बात है, बल्कि नागरिकों के प्रति प्रशासन की जिम्मेदारी भी है कि वह इस तरह की स्थितियों को सुधारें और राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान बनाए रखें। प्रशासन को तुरंत कदम उठाकर तिरंगे को सही स्थिति में लगाने के साथ-साथ भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस उपाय करने चाहिए। हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि आपका अपना अमन लेखनी अखबार नहीं करता है।

### स्कूल जा रही किशोरी के साथ युवक ने की अभद्रता

शुक्लागंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाले युवक ने पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि उसकी 16 साल की बेटी स्कूल जा रही थी, तभी वहीं के रहने वाले एक युवक ने उसे रोक लिया और उससे अभद्रता की। दबंगों ने इस शिकायत का प्रतिशोध लेते हुए न केवल गालियाँ दीं, बल्कि हाथापाई भी की। इससे भी आगे बढ़ते हुए, उन्होंने शिकायतकर्ता के घर पर ईंट-पत्थर फेंककर हमला किया। हमले के दौरान पिता और पुत्री दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय पुलिस ने मामले की जानकारी लेते हुए घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश जारी है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की हुई मौत

शुक्लागंज, उन्नाव। आदर्श नगर निवासी ओईएफ महिला कर्मी गंगा दुलारी का 25 वर्षीय पुत्र नीरज गौतम की बुधवार दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जिस पर परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं किसी ने पुलिस को सूचना दी कि युवक ने फांसी लगा ली। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और पूछताछ की। भाई के अनुसार घटना के समय नीरज की तबियत अचानक बिगड़ी, जिसके बाद उसे पहले शुक्लागंज के दो निजी अस्पतालों में ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे रेफर कर दिया। इसके बाद, नीरज को कानपुर कैंट स्थित ओईएफ हॉस्पिटल ले जाया गया, जहाँ भी उसे मृत पाया गया। वहीं फांसी की सूचना पर पुलिस पहुंची। जहां पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की। जिसके बाद विधिक कार्यवाही की है।

# किसानों की समस्याओं का समयबद्धता के साथ करें निस्तारण: डीएम

## कृषि आधारित अन्य व्यवसाय अपनाने को किसानों को दी गयी सलाह

अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल



बहराइच। कृषकों की समस्याओं के निराकरण हेतु विकास भवन सभागार में आयोजित किसान दिवस एवं कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने एफपीओ संतृप्तिकरण अभियान अन्तर्गत 06 कृषक उत्पादन संगठनों को प्रत्युष बायोएनर्जी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लि. मिहींपुरवा, ओममंगलीनाथ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लि. नवाबगंज, सौर्य एग्रो फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लि. शिवपुर, कैसर अभिनव फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लि. कैसरगंज, कृषक कल्याण उत्पादक संगठन सहकारी समिति लि. हुजूरपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई महिला फार्मर्स प्रोड्यूसर कं.लि. मिहींपरवा को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया। किसान दिवस को सम्बोधित करते हुए डीएम मोनिका रानी ने निर्देश दिया कृषकों की समस्याओं का समाधान कराते हुए आगामी बैठक में सम्बन्धित अधिकारी निस्तारण आख्या के साथ उपस्थित होंगे। उद्यान विभाग को निर्देश दिया गया कि जिले में जरबेरा की खेती को बढ़ावा दिया जाय। जिला गन्ना अधिकारी को निर्देश दिया गया कि चीनी मिलों पर गन्ना कृषकों के बकाया भुगतान के सम्बन्ध में अलग से बैठक आयोजित कराएं। बैठक के दौरान कृषकों द्वारा पेयजल योजनाओं के संचालन तथा परिसम्पत्तियों की मरम्मत के सम्बन्ध में उठायी गई समस्या के सम्बन्ध में डीएम द्वारा निर्देश दिये गये कि नोडल अधिकारी नामित कर पेयजल योजनाओं का सत्यापन कराकर आगामी बैठक में आख्या पटल पर प्रस्तुत की जाय। जल भराव की समस्या के समाधान हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही ने किसानों को विभाग की योजनाओं की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही ने किया। बैठक के दौरान सीडीओ रम्या आर. ने उपस्थित सभी किसानों से कहा कि किसानों की समस्याओं का निस्तारण करना उनकी प्राथमिकता में है। उन्होने जिले के अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसान दिवस में आयी समस्त समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता से सुनिश्चित करें तथा आगामी किसान दिवस में विवरण सहित उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी रूपेश कुमार सिंह ने उपस्थित किसानों को अवगत कराया कि वर्तमान खरीफ में फसल खरीद का कार्यक्रम पहले से ही तैयार कर लिया गया है किसी भी समस्या के निस्तारण हेतु हमारे दूरभाष पर वार्ता कर सकते है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ राजेश उपाध्याय ने पशु पालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की बृहद जानकारी प्रदान की। सहायक निदेशक मत्स्य जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने बताया कि मत्स्य विभाग की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर अपनी आय वृद्धि करें। जिला गन्ना अधिकारी आनन्द शुक्ला ने गन्ना विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ नन्दन सिंह ने प्राकृतिक खेती, जिला कृषि रक्षा अधिकारी प्रियानन्दा ने फसलो में लगने वाले कीट रोग की रोकथाम के लिए उपलब्ध है तथा कृषि रक्षा रसायनों/बायो पेस्टीसाइड की जानकारी दी। जिला कृषि अधिकारी डॉ सूबेदार यादव ने जिले में खाद व बीज की उपलब्धता की जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में खाद व बीज उपलब्ध है। बैठक में उपस्थित किसानों तथा विश्व हिन्दू परिषद गौरक्षा के जिलाध्यक्ष/प्रान्त अध्यक्ष अजय कुमार सिंह तथा किसान यूनियन के पदाधिकारियों से अपनी-अपनी समस्या रखने को कहा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर., पीडीडीआरडीए अरूण कुमार सिंह, सचिव मण्डी धनन्जय सिंह, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत बहराइच शैलेन्द्र कुमार, नानपारा रंजीत कुमार व विष्णु कुमार, सहायक अभियन्ता जल निगम सौरभ वर्मा, परिक्षेत्र प्रबन्धक इफको सर्वजीत वर्मा, एलडीएम कार्यालय के मनोज कुमार वर्मा, फसल बीमा कम्पनी के अमन मौर्या, एआर कोआपरेटिव संजय कुमार तिवारी, एसपीपीए डॉ प्रिया सिंह, ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक दिवाकर नाथ शुक्ल, रेशम विकास अधिकारी एई नानपारा नितेश कुमार गुप्ता, अखिल कुमार, जिला प्रबन्धक पीसीएफ मो. रफीक अंसारी, प्रगतिशील कृषक शशांक सिंह, पेशकार पटेल, मुन्ना लाल वर्मा, ओमपाल सिंह, विवेक कुमार सिंह, पंकज वर्मा, जियाउलहक सहित बड़ी संख्या में कृषक मौजूद रहे।

## किशोर को सर्प ने डसा हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। झाड़ियों में छिपे बैठे जहरीले सर्प ने 7 वर्षीय किशोर के पैर में डस लिया। शोरगुल मचाने पर परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया जहाँ से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बांगरमऊ क्षेत्र के रबड़ी गांव निवासी साहिल 7 वर्ष पुत्र अजय कुमार आज बुधवार दोपहर अपने घर के बाहर खेल रहा था इस समय झाड़ियों में छिपे बैठे एक जहरीले सर्प ने उसके पैर में डस लिया। सर्पनके डसते ही वह जोर-जोर से चिल्लाने लगा। शोर गुल सुन कर पहुंचे पर परिजनों ने उसे आनन-फानन बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# अमेठी में करंट से युवक की मौत

- रात में खाना खाने के बाद घर का मेन गेट बंद करने गया था, अचानक उतरा करंट

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, अमेठी के जामो थाना क्षेत्र के पूरे लोधन हरगांव गांव में एक दर्दनाक हादसा हो गया। देर रात घर के मुख्य दरवाजे को बंद करने के दौरान करंट की चपेट में आने से रामकुमार पुत्र शिवबहादुर की मौत हो गई। इस घटना की सूचना मिलते ही पूरे गांव में हड़कंप मच गया और ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। रात के समय खाना खाने के बाद रामकुमार (35) घर का लोहे का मेन दरवाजा बंद करने गया था, जब अचानक करंट की चपेट में आ गया। स्थानीय निवासियों की मदद से पुलिस को सूचना दी गई और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। रामकुमार परिवार का इकलौता सहारा था, जिसकी कमाई से परिवार की रोजमर्रा की ज़िंदगी चलती थी। उसके चार बच्चे हैं—तीन बेटे और एक बेटी। उसकी असामयिक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

# डॉक्टर के साथ हुए बलात्कार और नृशंस हत्या के खिलाफ निकाला कैंडल मार्च

अमन लेखनी समाचार




कैसरगंज, बहराइच। कोलकाता के आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज की ट्रेनी डाक्टर के साथ हुए बलात्कार और नृशंस हत्या के खिलाफ कैसरगंज में डाक्टरों और स्थानीय नागरिकों ने मिलकर कैंडल मार्च और प्रतिरोध सभा का आयोजन किया। इस घटना ने पूरे देश में हड़कंप मचा दिया है और विशेष रूप से चिकित्सा समुदाय में गहरा आक्रोश व्यक्त किया। विरोध प्रदर्शन में डॉ. अरविन्द कुमार सिंह, डॉ. रिजवान काजमी, मो. फैसल और सैय्यद सैफ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन्होंने इस बर्बर घटना की कठोर निंदा करते हुए दोषियों को शीघ्रता से सजा दिलाने की मांग की। कैंडल मार्च में भाग लेकर इन्होंने पीड़िता के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट की और न्याय की पुरजोर मांग की। प्रतिरोध सभा में डाक्टर समुदाय के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक भी शामिल हुए, जिन्होंने पीड़िता के परिवार के प्रति अपना समर्थन और सहानुभूति व्यक्त की। सभा के दौरान वक्ताओं ने महिला सुरक्षा के मुद्दे पर गंभीर चर्चा की और सरकार से महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कठोर और प्रभावी कदम उठाने की अपील की। डॉ. रिजवान काजमी ने कहा कि इस घटना से पूरे देश में चिकित्सा क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। उन्होंने सरकार से अपील की कि वे इस मामले में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करें ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। सय्यद सैफ ने भी कहा कि ऐसी अमानवीय घटनाओं के खिलाफ समाज को एकजुट होकर खड़ा होना चाहिए, ताकि पीड़िता को न्याय मिल सके और समाज में सुरक्षा और न्याय की भावना मजबूत हो।

# हसनपुर में निजी क्लीनिक पर मरीजों से खिलवाड़

- नाबालिग लगा रहे इंजेक्शन, स्वास्थ्य विभाग ने शुरू की जांच

अमन लेखनी समाचार



हसनपुर, अमरोहा के रहरा थाना क्षेत्र के एक गांव में स्थित झोलाछाप क्लीनिक पर एक नाबालिग द्वारा दूसरे बीमार नाबालिग को इंजेक्शन लगाने का वीडियो सामने आया है। यह मामला सामने आने के बाद विभागीय अधिकारी वीडियो की जांच के बाद उचित कार्रवाई करने की बात कर रहे हैं। बता दें कि हसनपुर तहसील क्षेत्र में झोलाछाप चिकित्सकों की कई दुकानों का संचालन हो रहा है, जहां पर नाबालिग कंपाउंडर मरीजों का इलाज कर रहे हैं और उन्हें इंजेक्शन भी दे रहे हैं। हाल ही में वायरल हुए वीडियो में एक नाबालिग को मरीज को इंजेक्शन लगाते हुए दिखाया गया है। वीडियो रहरा थाना क्षेत्र के एक गांव का बताया जा रहा है। इससे पहले भी झोलाछाप चिकित्सकों की दुकानों पर नाबालिगों द्वारा दवाइयां देने और इंजेक्शन लगाने के कई वीडियो वायरल हो चुके हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सत्यपाल सिंह ने इस संबंध में कहा कि नाबालिग द्वारा झोलाछाप चिकित्सक के यहां मरीज को इंजेक्शन लगाए जाने का मामला उनके संज्ञान में आया है। उन्होंने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है और दोषी झोलाछाप चिकित्सक के खिलाफ कठोर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# सीमांत इंटर कॉलेज के पदक वीर बच्चों का हुआ सम्मान, मिला प्रमाण पत्र

- बलरामपुर मे आयोजित प्रतियोगिता में 05 गोल्ड सहित जीते सात पदक

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा




बहराइच। एनसीसी 51वीं बटालियन बलरामपुर द्वारा सीएटीसी 161वां कैम्प जनपद बलरामपुर के दुलहिन पुर में आयोजित किया हुआ। इस दौरान कैंप में विभिन्न प्रकार की कई प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। प्रतियोगिताओं में रूपईडीहा स्थित सीमांत इंटर कॉलेज के बच्चों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 07 पदक प्राप्त कर अपना दम दिखाया। स्वतंत्रता दिवस पूर्व एनसीसी 51वीं बटालियन द्वारा आयोजित इस 10 दिवसीय शिविर में बहराइच के इंडो नेपाल सीमा स्थित सीमांत इंटर कॉलेज के 23 बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान सीमांत इंटर कॉलेज के इन बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करते हुए शानदार प्रदर्शन किया और 05 गोल्ड, 01 सिल्वर व 01 कांस्य सहित कुल 07 पदक जीतकर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। कैंप से लौटे इन विजेता टीम के बच्चों को सम्मानित किया गया एवं प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस मौके पर कॉलेज प्रबंधक प्रतिनिधि विकास पांडेय, डायरेक्टर सुभाष चंद्र पांडेय, प्राचार्या प्रियंका शुक्ला, कमांडिंग ऑफिसर कर्नल एपीस पटवाल, शिक्षक आदर्श मिश्रा मौजूद रहे।

# दंगल में पहलवान की रीढ़-गर्दन की हड्डी टूटी, मौत

## शाहजहांपुर में पहलवान पटखनी के बाद फिर नहीं उठा, पत्नी बोली- जानबूझकर मारा गया

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, शाहजहांपुर में कुश्ती के दौरान पटखनी देने से एक पहलवान की रीढ़ और गर्दन की हड्डी टूट गई। आसपास खड़े लोग पहलवान को बार-बार उठाते रहे, लेकिन वो नहीं उठा। साथी उसे अस्पताल ले गए, जहां 14 दिन इलाज चलने के बाद आज उसकी मौत हो गई। डॉक्टर ने उसकी मौत का कारण रीढ़ और गर्दन की हड्डी टूटना बताया है। पहलवान की पत्नी विद्यावती ने तहरीर देकर दूसरे पक्ष पर जबरन चोट पहुंचाने का आरोप लगाया। साथ ही अवैध रूप से दंगल होने की बात भी कही है। पुलिस ने अभी केस दर्ज नहीं किया है। मामला शाहजहांपुर के थाना बंडा क्षेत्र का है। मरने वाले युवक का नाम द्वारिका प्रसाद (38) है। वो पीलीभीत का रहने वाला था। दोनों पहलवानों के बीच शाहजहांपुर के नभीची गांव में नाग पंचमी (9 अगस्त) के दिन कुश्ती करवाई गई थी। गांव में लगे मेले में नाग पंचमी के दिन हमेशा कुश्ती का आयोजन किया जाता था। 9 अगस्त से पहलवान का अस्पताल में इलाज चल रहा था। 21 अगस्त को उसकी मौत हुई। मौत के बाद तहरीर दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। दोनों पहलवानों की कुश्ती का वीडियो भी सामने आया है। इसमें दिख रहा है, दोनों पहलवान आपस में लड़ रहे हैं। पोजिशन लेने के बाद दोनों एक-दूसरे पर अटैक करते हैं। तभी एक पहलवान दूसरे को अपने हाथ में फंसा लेता है। दूसरा छूटने की कोशिश करता है, लेकिन छूट नहीं पाता। इसके बाद पहला पहलवान दूसरे को जमीन पर गिरा देता है, जिससे उसकी गर्दन पूरी तरह मुड़ जाती है। इस बीच कई लोग 'हड्डी टूट गई-हड्डी टूट गई' कहकर चिल्लाने लगते हैं। इसी बीच दूसरा पहलवान उसको उठाकर जमीन पर पटक देता है। पहलवान को हारते देख दूसरे पक्ष के लोग खुशी मनाने लगते हैं। इसी बीच कुछ लोग नीचे गिरे पहलवान को उठाने की कोशिश करते हैं, लेकिन वो उठ नहीं पाता। जिसके बाद सभी लोग पास आकर उसको देखने लगते हैं। द्वारिका प्रसाद अपने साथियों के साथ 9 अगस्त को शाहजहांपुर नाग पंचमी का मेला देखने आया था। मेले में ही कुश्ती हो रही थी। द्वारिका प्रसाद ने भी लड़ने की इच्छा जताई। उसके सामने शाहजहांपुर के नभीची गांव का एक युवक था। दोनों के बीच लगभग 1 मिनट कुश्ती चली। पहली पटखनी के बाद ही द्वारिका प्रसाद उठ नहीं पाया।

# डुमरियागंज में मतदाता पुनरीक्षण प्रशिक्षण

- बीएलओ को निर्वाचन आयोग का प्रशिक्षण, 20 अगस्त से शुरू होगा घर-घर सत्यापन

अमन लेखनी समाचार



सिद्धार्थनगर, भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत विधानसभा क्षेत्र 306 डुमरियागंज में मतदाता नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बीएलओ को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण उप जिलाधिकारी डुमरियागंज डॉ. संजीव दीक्षित और तहसीलदार डुमरियागंज संतराज सिंह द्वारा आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में बीएलओ को मोबाइल ऐप के माध्यम से मतदाता सत्यापन का कार्य कैसे किया जाएगा, इसके बारे में जानकारी दी गई। आयोग द्वारा जारी किए गए निर्देशों के अनुसार, घर-घर सत्यापन का कार्य 20 अगस्त से शुरू होगा। सत्यापन के लिए मोबाइल एप्लीकेशन के साथ-साथ रजिस्टर का भी उपयोग किया जाएगा। प्रशिक्षण में बीएलओ को निर्देशित किया गया कि 01 अक्टूबर 2024 को 18 वर्ष पूरे करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उनका पंजीकरण किया जाए। इसके अतिरिक्त, 01 जनवरी 2025 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले नए युवा मतदाताओं का पंजीकरण किया जाएगा।

# अमरोहा में नेशनल हाईवे पर 4 की मौत

## ट्रैक्टर से भिड़ी कार तो कहीं सांड से टकराया बाइक सवार, सिपाही समेत 7 घायल

अमन लेखनी समाचार



अमरोहा, अमरोहा जिले में बीती रात नेशनल हाईवे 9 पर हुए अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोगों की मौत हो गई और सात लोग घायल हो गए। घायलों में मुरादाबाद के भगतपुर थाने में तैनात सिपाही और उसकी पत्नी भी शामिल हैं। सभी घायलों को स्थानीय निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पहला हादसा रात साढ़े दस बजे डिडौली थाना क्षेत्र में हुआ। गांव चौधरपुर के पास दो बाइकों की भिड़ंत में एक बाइक सवार करन सिंह की मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक पर सवार रवि कुमार घायल हो गए। दूसरा हादसा रात 12 बजे डिडौली में पुल के पास हुआ। हाईवे पार कर रहे राहगीर धर्मपाल को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। धर्मपाल की मौके पर ही मौत हो गई। तीसरा हादसा रजबपुर थाना क्षेत्र में अतरासी के पास हुआ। मुरादाबाद से दिल्ली की ओर जा रही कार और सामने से आ रही ट्रैक्टर ट्राली की भिड़ंत हो गई। इस हादसे में ट्रैक्टर सवार अरमान की मौत हो गई, जबकि ट्रैक्टर पर सवार फहीम, यूसुफ और आबिद, और कार सवार हेड कांस्टेबल अतुल कुमार और उनकी पत्नी रूपा घायल हो गए। चौथा हादसा गजरौला के गांव शहबाजपुर डोर के पास हुआ, जहां बाइक सवार युवक की बाइक के सामने अचानक सांड आ गया। बाइक सवार और सांड दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने सभी मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया है।

# पैर फिसलने से अधेड़ गिरा पानी भरे तालाब में डूबने से मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। एक अधेड़ की तालाब के पास पैर फिसलने से डूबकर मौत हो गई। काफी देर तक वापस नहीं आने पर परिजनों ने खोजबीन की जिसके बाद उसके शव को तालाब से बरामद किया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अचलगंज थाना क्षेत्र के हड़हा गांव निवासी 55 वर्षीय मालिक राम गांव में फेरी का काम करके अपने घर का खर्चा चलाता था। देर शाम शौच क्रिया के लिए घर से निकला था। तालाब के पास पैर फिसलने के कारण वह डूब गया और उसकी मौत हो गई।

मालिक राम के घर से देर शाम तक वापस नहीं आने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। इसी दौरान किसी ग्रामीण ने सूचना दी कि तालाब में एक व्यक्ति के डूबने की घटना हुई है। सूचना मिलने के बाद परिजन और गांव के लोग मौके पर पहुंचे और तालाब में शव की तलाश शुरू की। काफी प्रयासों के बाद शव को तालाब से बाहर निकाला गया। मालिक राम की पत्नी बिन्दना ने बताया कि उनके दो बेटी और एक बेटा है, जिनमें से बेटा मजदूरी करके परिवार की जिम्मेदारी संभालता है। मालिक राम की मौत के बाद परिवार में भारी शोक की लहर दौड़ गई है। थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# छात्रवृत्ति पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराएं शिक्षण संस्थान

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जिला समाज कल्याण अधिकारी रमा शंकर ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2024-25 में छात्रवृत्ति शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत मान्यता प्राप्त नवीन संस्थानों को मास्टर डाटा में सम्मिलित होने के लिये ऐश कोड के माध्यम से छात्रवृत्ति पोर्टल पर 30 सितम्बर 2024 तक रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। श्री शंकर ने बताया कि सम्बन्धित संस्थान रजिस्ट्रेशन के पश्चात सम्बन्धित विश्वविद्यालय स्तर से सत्यापनोपरान्त जिला समाज कल्याण अधिकारी के माध्यम से मास्टर डाटा में सम्मिलित हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि जिन संस्थानों को अभी तक ऐश कोड प्राप्त नहीं हुआ ऐसे संस्थान संबंधित विश्वविद्यालय/एफलियेटिंग एजेंसी से अपना ऐश कोड शीघ्र प्राप्त कर लें।

# संक्षेप

## विधायक ने मृतकों के परिजनों से की मुलाकात

### सलेमपुर में हुई भीषण दुर्घटना पर जताया दुख, मुआवजा देने की कही बात

बुलंदशहर, भाजपा विधायक चंद्रपाल सिंह ने बुलंदशहर-बदायूं मार्ग पर सलेमपुर गांव के पास हुई भीषण सड़क दुर्घटना में अपने क्षेत्र के दो लोगों की दर्दनाक मौत पर शोक व्यक्त किया। विधायक चंद्रपाल सिंह ने मृतकों के परिवारों से मिलकर गहरी संवेदनाएं प्रकट की और उन्हें सांत्वना दी। विधायक ने कहा, सलेमपुर में हुई सड़क दुर्घटना की खबर पीड़ा दायक है।इस हादसे में अपने विधानसभा क्षेत्र के थाना नरौरा क्षेत्र के गांव निवाड़ी बांगर निवासी महेश कुमार ( 33 वर्ष ) और थाना रामघाट क्षेत्र के ग्राम ऊंचागांव बांगर निवासी ओंकार सिंह ( 18 वर्ष ) की मौत की सूचना अत्यंत दुखद है। मैं उनके परिवारों के पास जाकर इस कठिन घड़ी में शोक संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्मा को शांति मिले और परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति मिले। साथ ही, उन्होंने मृतकों के परिवारों को मुआवजा देने की भी घोषणा की। जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह ने भी दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री की ओर से 2-2 लाख रुपये मुआवजा और घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता देने की घोषणा की। उन्होंने घटना की जांच के निर्देश भी दिए हैं और एडीएम प्रशासन बुलंदशहर को मजिस्ट्रेट नामित किया है, जो जांच करेगा। जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।विधायक ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की।

## बुलंदशहर में देर रात शराब के ठेके में चोरी

### रुपए, इनवर्टर और बैटरी सहित कीमती सामान ले गए, दो दिन में दूसरी घटना

बुलंदशहर, बुलंदशहर की स्याना कोतवाली क्षेत्र में चोरों के बढ़ते आतंक से स्थानीय निवासी परेशान हैं। देर रात चोरों ने गांव घंसूरपुर में स्थित देसी शराब और बियर के ठेकों में चोरी की घटना को अंजाम दिया, जिससे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई।जानकारी के अनुसार, चोरों ने स्टेट हाईवे के किनारे स्थित देसी शराब और बियर के ठेकों में घुसकर गल्ले में रखी नगदी, इनवर्टर, बैटरी और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया।ठेका संचालकों ने चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। चोरों ने दो दिनों के भीतर दो घटनाओं को अंजाम दिया है। शनिवार की रात गांव माकड़ी में चोरों ने लकड़ी के चीपर से धातु का सामान चुराया था।इसके एक दिन बाद, रविवार की रात को चोरों ने शराब ठेके में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। रातों का फायदा उठाकर चोर घटनाओं को अंजाम देकर फरार हो रहे हैं। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और जल्द ही चोरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है।

# भारत बंद का मिलाजुला असर दिखा प्रदर्शनकारियों ने शांतिपूर्ण जलूस निकाल कर सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर ।माननीय न्यायालय प्रीम कोर्ट द्वारा 1अगस्त 2024 को अनुसूचित जाति और जनजाति के आरक्षण में उपवर्गीकरण हेतु पारित निर्णय के विरोध में विभिन्न संगठन भीम आर्मी,बसपा,अंबेडकर विचार मंच ने जिगिना चौराहे से शांति पूर्ण मार्च किया। जो फोरलेन होते थाना चौराहा,मुख्य बाजार,रेलवे स्टेशन,नवीन मंडी होते हुए तहसील मुख्यालय पहुंचा। इस दौरान दलित समुदाय के लोगो ने व्यापारियों से अपनी प्रतिष्ठान बंद करने का आह्वान किया। बंद का मिलाजुला असर दिखा कुछ ही दुकानें बंद मिली इस दौरान सुरक्षा का पूरा बंदोबस्त किया गया था।पुलिस के जवान हर गतिविधियों पर नजर रखे हुए और इसका वीडियोग्राफी भी करते दिखाई दिए। तहसील मुख्यालय में पहुंच कर विभिन्न संगठनों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी सहजनवा दीपक कुमार गुप्ता को सौंपा ।इस दौरान दिलीप मौर्य,गणेश प्रजापति,दुर्गेश मास्टर,सभासद लक्ष्मण कुमार,रविंद्र कुमार, अजय कुमार, राजकुमार, विजेंद्र कुमार, विजय कुमार , रामरतन ,इंद्रेश प्रसाद,नागेंद्र त्यागी, तौला देवी,पार्वती देवी सहित भारी संख्या में दलित समाज के लोग मौजूद थे।



# अनियंत्रित बाइक से गिरकर चालक मौत

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के नगर पंचायत घघसरा पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम जाल्हेपार निवासी शिवकुमार पुत्र रामदीहल उम्र लगभग 32 वर्ष की बीते मंगलवार की शाम 4.00 गांव के समीप अनियंत्रित बाइक से गिरने के कारण उनके सिर में गंभीर चोट लग गयी। तत्काल उन्हें नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठरापार में भर्ती कराया गया जहां उनकी मौत हो गई ।वह बाजार से रोजमर्रा के सामान लेकर बाइक से घर जा रहे थे। गांव के समीप पहुंचे ही अनियंत्रित बाइक लेकर सड़क पर गिर गये, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट लग गई।मौके पर पहुचीं पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय गोरखपुर भेज दिया है।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने आधा दर्जन दुकानों पर की छापेमारी लिए गए सैंपल

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर ।खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा सहजनवा मुख्य बाजार में स्थित करीब आधा दर्जन मिठाई की दुकानों पर छापेमारी किया।इस दौरान दुकानों से सैंपल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया ।बुधवार को नायब तहसीलदार सहजनवा दुर्गेश चौरसिया के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने नारियल बर्फी,बूंदी लड्डू,रामराज और बंशराज के दुकान से और जय गुरुदेव के दुकान से पनीर और यादव जी दही की दुकान पर छापेमारी की और इन दुकानों से सैंपल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला के लिए भेजा गया। अन्य दुकानदारों को जैसे ही छापेमारी की जानकारी हुई तो अपनी दुकानें बंद कर फरार हो गए। छापेमारी को देखते हुए दुकानदारों में हड़कंप मचा हुआ था। इस संदर्भ में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी हितेंद्र मोहन ने बताया कि ऐसी कारवाई होती रहेगी ।टीम के साथ एक वाहन है। जिसमे जांच के लिए प्रयोगशाला भी है। और मौके पर जांच करा सके है ।इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी शैलेंद्र कुमार श्रीवास्तव,नगर जॉन 7 प्रतिमा उपाध्याय,बांसगांव सुरक्षा अधिकारी कमल नारायण,गोला खाद्य सुरक्षा अधिकारी नागेंद्र चौधरी मौजूद थे।



# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार /समरजीत सोनकर

अमौली, फतेहपुर।जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव दपसौरा में एक 45 वर्षीय नवयुवक किसान दिनेश उर्फ दीनू की अज्ञात वाहन की टक्कर लग जाने से मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार किसान अपने खेत जा रहा था उसी समय अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मारते हुए फरार हो गया सूचना मिलने पर पहुंचे थाना अध्यक्ष चांदपुर राजेंद्र सिंह ने तहकीकात करते हुए मृतक किसान के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए



फतेहपुर भेजा वही अज्ञात वाहन की तलाश में प्रशासन जुट गया खबर लिखते समय तक हत्या को अंजाम देने वाले वाहन की खोज बीन नहीं हो पाई वही यह जानकारी जैसे ही मृतक युवक की पत्नी किरन देवी समेत परिजनों को लगी तो घर में हाहाकार मच गया।

# साथीपार संपर्क मार्ग बना जलाशय, राहगीर चले तो चले कैसे

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। नौसढ़ खजनी मार्ग से साथीपार गांव में जाने वाला साथीपार संपर्क मार्ग मोड़ पर ही जलाशय का रूप धारण कर लिया है ।दो से तीन फीट तक की गहराई में बने गड्ढों में पानी भरा रहने के कारण राहगीर गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। कोई इस समस्या को पूछने वाला नहीं है ।बुधवार को इस समस्या को लेकर साथीपार के ग्राम प्रधान मान सिंह द्वारा एसडीएम सहजनवां से मिलकर जल निकासी की मांग की गई। बताते चले कि इस ससाथीपार मार्ग पर छोटी गाड़ियों से लेकर बड़ी गाड़ियों तक का आवागमन दिन भर होता रहता है ।इसी रास्ते लोग सहजनवा तहसील के लिए भी निकलते है ।इस समय बरसात का मौसम होने के कारण



साथीपार मोड़ पर ही भीषण जल जमाव महीनो से हुआ है ।इसी गड्ढे में बाइक व साइकिल सवार गिर जा रहे है।इस मार्ग से महाविद्यालय के बच्चे भी पढ़ने जाते है। इस समय सड़क पर पानी भर जाने से स्कूली छात्र गिरकर या गाड़ियों के छीटें मारने से उनका ड्रेस खराब हो जाता है।सबसे ज्यादा समस्या पैदल जाने वाले लोगों को हो रहा है ।इस गंदे पानी के अंदर से होकर जाना इनकी मजबूरी है। इस समस्या पर स्थानीय निवासी शैलेष सिंह, मनोज कुमार, लालजी सिंह, उमाशंकर सिंह, भानू प्रताप द्वारा इस समस्या को तत्काल दूर करने की मांग की गई।

# उत्कृष्ट शिक्षा के लिए प्रशिक्षित हो रहे शिक्षक

अमन लेखनी समाचार /शोभित शुक्ला

फतेहपुर।जनपद के अमौली विकासखंड ब्लॉक संसाधन केंद्र अंतर्गत चार दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया उत्कृष्ट शिक्षा बच्चों तक पहुंचाने के लिए शिक्षकों को डेमो के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया मिली जानकारी के अनुसार यह प्रशिक्षण चार दिवस तक चलेगा जहां ब्लॉक संसाधन कार्यालय के सभागार में पहुंचकर सभी शिक्षक उत्कृष्ट शिक्षा के लिए नवीन तकनीकों को एक दूसरे से साझा करेंगे कार्यक्रम के प्रथम दिवस सभागार में मौजूद एआरपी प्रशिक्षक अमरपाल सिंह राम शंकर आशीष द्विवेदी अरविंद यादव एल एल एफ ब्लॉक कोऑर्डिनेटर कुंज बिहारी के द्वारा अनेक गतिविधियों के डेमो प्रदर्शित किए गए वही सभी शिक्षकों को शिक्षा के नवीन बिंदुओं की जानकारी मिली इस मौके पर प्रधानाध्यापिका शिक्षक मनीषा शुक्ला शैलेंद्र कुमार प्रकाश पुंज मुन्नालाल अरविंद पटेल स्वप्निल बाजपेई रश्मि सचान साधना समेत लगभग एक सैकड़ा से अधिक शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए अनेक जानकारियां प्राप्त की



# शराबी युवकों ने सीओ सिटी की कार को मारी टक्कर

- हादसे के बाद अनियंत्रित कार ने कई वाहनों को मारी टक्कर, भीड़ ने की पिटाई

अमन लेखनी समाचार

सीतापुर, सीतापुर में देर शाम एक हादसा हुआ।शराब के नशे में धुत कार चालक ने सीओ सिटी की गाड़ी और कुछ अन्य वाहनों को टक्कर मार दी। इसके बाद, गुस्साई भीड़ ने कार को तोड़ दिया और चालक की पिटाई कर पुलिस को सौंप दिया।हादसा कोतवाली नगर इलाके के पास मंडी पुलिस चौकी के नजदीक हुआ। यहाँ एक टाटा पंच कार हरदोई की ओर जा रही थी।कार में सवार पांच युवकों में से तीन ने शराब पी रखी थी। अचानक, कार ने सीओ सिटी अमन सिंह की सरकारी गाड़ी को टक्कर मार दी।इसके बाद, अनियंत्रित होकर कार ने दो अन्य गाड़ियों और एक ऑटो रिक्शा को भी टक्कर मारी। जब कार रुक गई, तो भीड़ ने कार चालक को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। पुलिस ने कार सवार पांच युवकों को हिरासत में ले लिया और उनका मेडिकल परीक्षण करवाया। खुशकिस्मती से, सीओ सिटी की गाड़ी में सवार लोग और अन्य वाहन चालक सुरक्षित रहे।





# मेरठ में पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए त्रिस्तरीय कंट्रोल रूम

## दूसरे शहरों में एग्जाम सेंटर, 1 दिन पहले स्टाफ को मिलेगा ड्यूटी चार्ट

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, प्रदेश में नागरिक पुलिस में सिपाही (कांस्टेबल के 60244 पदों पर भर्ती के लिए दोबारा से परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी गई।इस बार परीक्षा में सिविल पुलिस के साथ साथ एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) और स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) को भी लगाया जाएगा। साथ एआइ तकनीकी का उपयोग कर पेपर को लीक होने से बचने की कवायद की जा रही है। वहीं परीक्षा में इस बार पुलिस, प्रशासन पूरी सतर्कता बरत रहा है। ताकि नकलविहीन परीक्षा कराई जा सके।एग्जाम से एक दिन पहले स्टाफ को उसका ड्यूटी चार्ट दिया जाएगा। वहीं मेल कैंडिडेट का दूसरे मंडल और फीमेल कैंडिडेट का दूसरे जिलों में एग्जाम सेंटर बनाया जाएगा।मेरठ जोन के एडीजी डीके ठाकुर ने बताया कि इस बार परीक्षा के सेंटर दूसरे जिलों में रहेंगे। मेल कैंडिडेट्स की परीक्षा दूसरे मंडल में और फीमेल कैंडिडेट्स की परीक्षा दूसरे जिलों के केंद्रों में होगी। सभी केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट रहेंगे। सेक्टर मजिस्ट्रेट ट्रेजरी से क्वश्चेन पेपर लेकर सेंटर तक पहुंचाएंगे। कहा कि इस बार एग्जाम सेंटर पर चैकिंग के लिए पुलिसकर्मियों की ड्यूटी रहेगी। उसी सेंटर का स्टाफ चैकिंग नहीं करेगा। कैंडिडेट्स से बायोमेट्रिक्स और आधार कार्ड भी लिया जाएगा। परीक्षा की चैकिंग के लिए त्रिस्तरीय कंट्रोल रूम रहेंगे। सभी परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी रहेंगे। हर एग्जाम सेंटर पर एक कंट्रोल रूम होगा। इन सभी कंट्रोल रूम को जिला स्तर पर बने जिला कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा। सभी जिलों के कंट्रोल रूम को स्टेट लेवल के कंट्रोल रूम से मॉनिटर किया जाएगा। इन कंट्रोल रूम को एडीएम लेवल के ऑफिसर मॉनिटर करेंगे।

बताया कि हर एग्जाम सेंटर में आधा स्टाफ उसी सेंटर का और आधा स्टाफ दूसरे स्कूल, कॉलेज का होगा। स्टाफ को परीक्षा से एक दिन पहले बताया जाएगा कि उसे कौन से रूम नंबर में ड्यूटी देना है। एग्जाम सेंटर्स पर एटीएस और एसटीएफ और सिविल पुलिस भी तैनात रहेगी। साथ ही परीक्षा केंद्रों की लैब की जांच कराई जाएगी, ताकि वहां से पेपर आउट न हो सके। उसके लिए परीक्षा केंद्रों के संचालक पर भी एसटीएफ और पुलिस नजर रखेगी। पुरानी प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल कराने वाले आरोपितों पर नजर रखने के आदेश दिए गए हैं। इसके अलावा जो जेल में बंद है, उनकी वही निगरानी की जा रही है।



# नीम के पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

- रात में घर से निकला था युवक, पुलिस जांच में जुटी

अमन लेखनी समाचार

जालौन, जिले के कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम हाजीपुरा में एक युवक की संदिग्ध आत्महत्या की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। सोमवार की सुबह गांव के लोग जब घूमने के लिए बाहर गए तो उन्होंने गांव के बाहर स्थित तालाब के पास लगे नीम के पेड़ पर युवक के शव को रस्सी से लटकते हुए देखा। तुरंत पुलिस को सूचित किया गया।मृतक की पहचान कप्तान चौधरी (30 वर्ष), ग्राम हाजीपुरा के निवासी के रूप में की गई है। गांव के लोगों ने शव को देखकर परिजनों को सूचित किया। मौके पर पहुंचे परिजनों और ग्रामीणों ने शव को फांसी पर झूलते देखा, जिससे कोहराम मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पेड़ से उतारकर कब्जे में ले लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक ने देर रात घर से यह कहकर निकला था कि वह बाहर घूमने जा रहा है।इस दौरान उसने गांव के बाहर जाकर नीम के पेड़ पर रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।



# जालौन में लल्लू होटल पर खाद्य विभाग की छापेमारी

### बेची जा रही खुली हुई मिठाइयों के लिए सैंपल, लैब में भेजे गए

अमन लेखनी समाचार

जालौन, एट के कोंच तिराहे पर स्थित लल्लू होटल के संचालक द्वारा ग्राहकों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था।इसके बाद खाद्य विभाग ने सक्रियता दिखाते हुए सोमवार को होटल पर छापेमारी की। खबर में बताया गया था कि लल्लू होटल में ग्राहकों को बिना साफ-सफाई के मिठाइयां, दूध, दही, सब्जी और समोसे का मसाला परोसा जा रहा था, जिसमें मक्खी और मच्छर मिले थे। इस खबर के वायरल होने के बाद खाद्य विभाग के अभिहित अधिकारी जतिन कुमार के नेतृत्व में टीम ने होटल पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान मिठाई, दूध, दही, रायता, सब्जी और समोसे के मसाले के सैंपल लिए गए, जिन्हें जांच के लिए लैब में भेजा गया है। अभिहित अधिकारी जतिन कुमार ने बताया कि होटल के संचालक मनोज को कड़े निर्देश दिए गए हैं कि यदि दुकान में साफ-सफाई का ध्यान नहीं रखा गया, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नमूनों की जांच के परिणामों के आधार पर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।इस कार्रवाई से होटल में काम कर रहे कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है



# मां ने पैसे देने से मना किया..बेटे ने फांसी लगाई

- रस्सी लेकर घर से निकला था, शर्ट का फंदा बनाकर लटका

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर, शाहजहांपुर में मां से पैसे नहीं मिलने से नाराज बेटे ने खेत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक की उम्र 16 साल है। युवक के भाई हरिद्वार में प्राइवेट नौकरी करते हैं। उन्होंने बताया कि भाई ने मां से सौ या पचास रुपये मांगे थे। मां के पास पैसे नहीं थे।हम लोगों ने भी उसको कई दिन से पैसे नहीं भेजे थे। इसलिए भाई को गुस्सा आ गया। वो जब घर से गया तो छोटा भाई उसको बुलाने गया। लेकिन उसने छोटे भाई को पीटकर भगा दिया और फिर खुद की शर्ट का फंदा बनाकर जान दे दी।सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना मिजार्पुर क्षेत्र के बानगांव के रहने वाले 16 साल के अजीत ने खेत में अपनी शर्ट से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कुछ ही देर बाद परिजनों ने शव लटका देखा तो कोहराम मच गया।सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं हरिद्वार में नौकरी कर रहे दो भाइयों को घटना की जानकारी दी। पोस्टमार्टम हाउस पर आए भाइयों ने बताया कि हम लोग बहुत गरीब हैं।

पिता की कुछ समय पहले ही मृत्यु हो चुकी है। परिवार का भरण-पोषण करने लिए हम लोग हरिद्वार में नौकरी करने लगे।यहां मां के साथ दो भाई और एक बहन रहती है। अजीत ने मंगलवार की शाम मां से सौ या पचास रुपये मांगे थे। मां को कई दिन से हम लोगों ने पैसे नहीं भेजे थे। इसलिए उनके पास बिल्कुल भी पैसे नहीं थे। मां ने पैसे देने से मना किया तो अजीत को गुस्सा आ गया। वो रस्सी लेकर मरने का कहकर खेत की ओर गया। छोटे भाई ने उसको बुलाने की कोशिश की। उससे रस्सी छीन ली।



# उरवा के जंगल में पुलिस और गोकशों में देर रात मुठभेड़ में ठांय ठांय

## एक गोकश के पैर में लगी गोली, 4 आरोपी हुऐ गिरफ्तार



**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी में देर रात पुलिस और गौकशो में मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में एक गौकश के पैर में गोली लगी, जबकि मौके से पुलिस ने चार गौकशों को गिरफ्तार किया। घायल गौकश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।पुलिस ने गौकशो के पास से बड़ी मात्रा में गाय काटने के उपकरण को बरामद किये हैं। पुलिस सभी गौकशों को जेल भेजने की कार्यवाही में जुट गई है।पूरा मामला जगदीशपुर थाना क्षेत्र के उरवा के जंगल का है।जहां देर रात पुलिस को सूचना मिली कि जंगल में बड़ी संख्या में गौकश मौजूद हैं जो गाय काटने जा रहे हैं। मुखबिर से सूचना मिलते ही हरकत में आई जगदीशपुर पुलिस ने तीन टीमो का गठन कर जंगल में सभी गौकशों को तीन तरफ से घेर लिया।

### पुलिस पर की फायरिंग

अपने को घिरता देख गौकशो ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी लेकिन पुलिस ने बचाव करते हुए गौकशों पर गोली चलाई। पुलिस की गोली एक गौकश अकमल के पैर में लगी जिसके बाद सभी तस्कर मौके से भागने लगे। पुलिस ने तीन और गौकशों को गिरफ्तार कर किया।गौकशो के पास से एक तमंचा, एक कारतूस, दो चापड़, दो चाकू, एक लकड़ी का ठीहा, प्लास्टिक की पन्नी और रस्सी बरामद किया है। पुलिस ने कुल चार गौकशों को गिरफ्तार किया जिसमें अकमल पुत्र अजमत, रईश पुत्र बब्बू, अरमान पुत्र मो हुसैन और मजीद पुत्र अब्दुल रहमान शामिल है। तीन अभियुक्तों पर कई मुकदमे दर्ज हैं।

### क्या बोले सीओ अतुल कुमार सिंह



पूरे मामले पर मुसाफिरखाना सीओ अतुल कुमार सिंह ने कहा पुलिस ने सभी गौकशो पर गौवध अधिनियम और आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्यवाही में जुट गई है।

देर रात पुलिस और गौकशो में मुठभेड़ हुई है।एक गौकश के पैर में गोली लगी है।कुल चार गौकश गिरफ्तार किए गए हैं।

# आकाशीय बिजली गिरने से महिला की मौत

## खेत में भैस चराने गई थी, तेज बारिश के दौरान हुआ हादसा

**अमन लेखनी समाचार**



अमेठी में आज शाम खेत मे भैंस चराने गई महिला पर बिजली गिर पड़ी। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे अमेठी सीएचसी लेकर पहुंचे। यहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों और ग्रामीणों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

दरअसल ये पूरा मामला अमेठी कोतवाली क्षेत्र के भगनपुर गांव का है। यहां के रहने वाले देवराज की पत्नी 45 वर्षीय पत्नी श्रीमती आज शाम को खेतों में भैस चराने गई थी। यहां अचानक तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिर पड़ी, जिसकी चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन-फानन में परिजन श्रीमती को लेकर अमेठी सीएचसी पहुंचे। यहां से उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पूरे मामले पर एसएचओ अमर सिंह ने कहा कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# प्रेस लिखे अवैध वाहनों की जाँच हेतु प्रेस क्लब ने दिया ज्ञापन

**अमन लेखनी समाचार**



अमेठी(ब्यूरो)। बुधवार को फर्जी लोगों द्वारा प्रेस लिखे वाहनों की जाँच कराने के लिए प्रेस क्लब ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। पत्रकारिता के गिरते स्तर को सुधारने व फर्जी पत्रकारों पर लगाम लगाने के लिए निरंतर प्रयत्नशील प्रेस क्लब जनपद अमेठी ने बुधवार को जिलाध्यक्ष शीतला मिश्रा के साथ जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह को ज्ञापन देकर कहा कि जिले में कपड़ा प्रेस करने वाले, प्रिंटिंग प्रेस वाले से लेकर नशे के कारोबारी, चोर, उचक्के तक प्रेस क्लब के लोगो लगी गाडियों का धड़ल्ले से उपयोग कर रहे हैं।साथ ही फर्जी आईडी और माइक लेकर कुछ तथाकथित पत्रकार अवैध वसूली में लिप्त हैं।प्रेस क्लब ने अधिकारी द्वय से मांग किया कि जिले में प्रेस लिखाकर घूम रहे फर्जी वाहनों की चेकिंग कराकर ऐसे लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी व एमवी एक्ट की धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई जाय।प्रेस क्लब ने यह भी मांग किया है कि यूट्यूब, फेसबुक व एक्स की निगरानी कराकर गलत उद्देश्य से प्रसारित भ्रामक, निराधार व एक पक्षीय खबरों पर आईटी एक्ट सहित सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया जाय।जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने समुचित कार्यवाही का भरोसा दिया। इसी कड़ी में तहसील प्रेस क्लब अमेठी में पदाधिकारियों व पत्रकारों ने भी सम्बन्धित उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी को ज्ञापन दिया।

# बाजारशुक्ल पुलिस द्वारा वांछित महिला अभियुक्ता गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**



जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उ0नि0 रामजी सिंह थाना बाजारशुक्ल मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी में वांछित महिला अभियुक्ता आरती पत्नी स्व0 अरुण कुमार यादव निवासी ग्राम पारा थाना बाजारशुक्ल ग्राम हसनपुर तिवारी अण्डरपास के नीचे से नियमानुसार हिरासत पुलिस में लिया गया । थाना बाजारशुक्ल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## 17 ग्राम स्मैक के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**



जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत दिनांक देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान उ0नि0 सुरेश कुमार दीक्षित थाना मोहनगंज मय हमराही द्वारा अभियुक्त फुरकान पुत्र मुंतजिर निवासी बहुआ थाना मोहनगंज कुल 17 ग्राम स्मैक के साथ ग्राम भिलाई कला के पास से गिरफ्तार किया गया ।गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

# हमारा जीवन हमारा व्यक्तित्व, संस्कृति से ही है : डॉ नीलम तिवारी

## देवी पाटन संस्कृत माध्यमिक विद्यालय में संस्कृत सप्ताह का छांटवा दिवस



डॉ नीलम तिवारी



**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी श्रीदेवी पाटन संस्कृत माध्यमिक विद्यालय अमेठी में हुआ संस्कृत सप्ताह के छाटंवा दिवस विद्यालय में संस्कृत सप्ताह के छठे दिन पोस्टर प्रतियोगिता हुई सभी छात्र छात्राओं ने कार्यक्रम को बड़े ही उत्साह से सस्कृत विषयों पर पोस्टर बनायें व आकर्षक रंगो से सजाया कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक मिथिलेश शास्त्री व छात्रों द्वारा सरस्वती पूजन संपन्न हुआ। छात्रों के द्वारा संस्कृत गीत व संभाषण के पश्चात संस्कृत भाषा का विकास व संस्कृत में विज्ञान पर विद्वत्सभा आयोजित हुई। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्य डा नीलम तिवारी ने पोस्टर प्रतियोगिता मे विजयी छात्रों के नाम की घोषणा की जिसमें प्रथम स्थान अभिजीत द्वितीय स्थान रिजवान व नूरा ,तृतीय स्थान राजमणि व सत्यम्सोनी ने प्राप्त किया ।अन्य छात्रविशाल, सुमित, सूर्यप्रकाश , विजय आदि का भी प्रयास प्रशंसनीय रहा आज के दिवस की बधाई देते हुए प्रधानाचार्य ने संस्कृत भाषा की हम सभी के जीवन में उपयोगिता व महत्व बताते हुए कहा कि आज हमारा जीवन, हमारा व्यक्तित्व, हमारी संस्कृति सभी संस्कृत से ही तो है ।संस्कृत व संस्कृति को एक दूसरे का पर्याय बताया ।संस्कृत सप्ताह कार्यक्रम की सफलता के लिए छात्रों का उत्साह वर्धन करते हुए संस्कृत संभाषण करने वाले छात्रों को पुरस्कृत करने की घोषणा की इस अवसर पर डा सुधा सिंह, वेदपति मिश्र ,आलोक शुक्ल व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन शास्त्री जी ने कार्यक्रम के अंत में सभी को धन्यवाद ज्ञापन किया।

# पुलिस द्वारा छात्राओं के सुरक्षात्मक संबंधित किया जागरूक

### एण्टीरोमियो टीम ने मनचलो शोहदों के कसे पेंच

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी मिशन शक्तिह्नअभियान के तहत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से थाना फुरसतगंज पुलिस द्वारा अपने थानाक्षेत्र के राजकीय बालिका इण्टर कालेज में छात्राओं एवं महिलाओं को 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076झ्रमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर तथा महिला सशक्तिकरण से संबंधित शासन की विभिन्न योजनाओं तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर व जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया ।इसी



क्रम में थाना इन्हौना की एण्टीरोमियो टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर मनचलो, शोहदों द्वारा छेड़छाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत सतत निगरानी करते हुए अभियान चलाया गया तथा संदिग्धों की चेकिंग की गयी

# अमेठी सांसद ने 15 करोड़ की लागत से बनी तीन सड़को,का किया लोकार्पण

## सड़क निर्माण से ही देश का निर्माण होता है : केएल शर्मा

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा ने आज लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न ब्लाकों में बनी तीन नई सड़कों का विधिपूर्वक पूजा अर्चना कर लोकार्पण किया।ये सड़कें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत बनी हैं, जिनकी कुल लंबाई लगभग 18 किलोमीटर है और लागत करीब 15 करोड़ रुपए है।

आज के समारोह में सांसद किशोरी लाल शर्मा ने गौरीगंज स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में इन सड़कों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर कांग्रेस के पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल, प्रवक्ता अनिल सिंह कार्यलय प्रभारी ब्रजेश तिवारी और बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता भी उपस्थित



अमेठी सासंद केएल शर्मा

रहे। अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कहा सड़क निर्माण से ही देश का निर्माण होता है। श्री शर्मा ने क्षेत्र के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में तीन सड़कों के लोकार्पण में बताया ?ये सड़कें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाई गई थीं और अब पूरी हो चुकी हैं। विभाग ने लोकार्पण के लिए कहा था और आज इसका औपचारिक लोकार्पण किया गया है।इसके अतिरिक्त, पांच-छह और सड़कें निमार्णाधीन हैं, जिनका भी जल्द उद्घाटन किया जाएगा।



### इन सड़कों का सासंद ने किया लोकार्पण

मणिपुर से पंडरी तक की सड़क, जिसकी लंबाई लगभग 7 किलोमीटर है।

आरएस रोड से फाजिल गांव तक की सड़क, जिसकी लंबाई 5.400 किलोमीटर है।

शाहगढ़ ब्लाक के रामशाहपुर जामो क्षेत्र में बनी सड़क, जिसकी लंबाई 6 किलोमीटर है।

# महिलाओं के प्रति सम्मान जगाने भारत यात्रा पर निकले अनुभव और अमन

### डॉ संदीप ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव**

झाँसी।महिलाओं के विरुद्ध लगातार हो रहे अपराधों को लेकर आम जनता को जगाने दो युवा अनुभव श्रीवास्तव और अमन सोनी साइकिल से भारत यात्रा पर निकले हैं। उनकी यह यात्रा कल टीकमगढ़ से प्रारंभ होकर आज झाँसी पहुंची, जहाँ दोनों युवाओं का संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पर डॉ० संदीप सरावगी द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया साथ ही आर्थिक सहयोग भी दिया।कार्यालय पर दोनों युवाओं से वातार्लाप के पश्चात हरी झंडी दिखाकर दतिया के लिए रवाना किया यह दोनों युवा दतिया से ग्वालियर, आगरा, दिल्ली, उत्तराखंड होते हुए वैष्णो देवी तक अपना सफर साइकिल से तय करेंगे। टीकमगढ़ के रहने वाले युवाओं ने बताया आज कल महिलाओं और खास तौर से बच्चियों के रेप केस के मामले बड़ रहे हैं इसलिए वे लोग जनता को जागरूक करने निकले हैं। वे जगह-जगह मुख्य स्थान पर खड़े होकर पोस्ट के माध्यम से आने जाने वाले लोगों को जागरूक कर अपना संदेश देंगे।वही डॉक्टर संदीप ने कहा आज के युवा सोशल मीडिया पर ज्यादा एक्टिव हैं और उसे ही अपना साधन बनाकर जागरूकता का कार्य कर रहे हैं।प्रत्येक व्यक्ति को महिलाओं का सम्मान करना चाहिए खास तौर पर छोटी बच्चियों का। छोटी बच्चियों के साथ ऐसे कृत्य होना बहुत ही निंदनीय है सरकार को ऐसे अपराधियों के खिलाफ कठोर से कठोर कदम उठाना चाहिए मैं अनुभव और अमन को शुभ यात्रा की शुभकामनाएं देता हूं।इस अवसर पर सहकार भारती के महानगर अध्यक्ष सतीश राय, रंजीत सिंह (बरुआसागर), राहुल सिंह (पार्षद), मोना रायकवार, साध्वी नीलम तिवारी, संदीप नामदेव, राकेश अहिरवार, संजय निषाद, महेंद्र रायकवार, आशीष विश्वकर्मा, अरुण पांचाल, बसंत कुमार गुप्ता, कमल मेहता, दीक्षा साहू, राजू सेन, शैलेंद्र गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# पुस्तक संग्रहालय में किताबें दान करने वाले 6 लोगों को डीएम ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

### पुस्तक संग्रहालय में किताबें दान देने के लिए जन सामान्य से की अपील।

**अमन लेखनी समाचार**




अमेठी जरूरतमंद व ज्ञानार्जन करने वाले गरीब बच्चों को निशुल्क किताबें उपलब्ध कराए जाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा पुस्तक संग्रह अभियान चलाया जा रहा है इसके लिए कलेक्ट्रेट के प्रथम तल पर पुस्तक संग्रहालय कक्ष की स्थापना की गई है जिसका जिलाधिकारी निशा अनंत द्वारा बीते स्वतंत्रता दिवस को शुभारंभ किया जा चुका है।पुस्तक संग्रहालय में किताबें दान करने वाले 6 लोगों को आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी निशा अनंत व अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिसमें श्याम सुंदर लेखपाल द्वारा 175 किताबें, डॉ आशीष कुमार त्रिपाठी वरिष्ठ पत्रकार एनबीटी अमेठी द्वारा 25 किताबें, पुनीत द्विवेदी रीडर डीएम अमेठी द्वारा 75 किताबें, शीतला गुप्ता राजस्व निरीक्षक द्वारा 38 किताबें, पूनम सक्सेना सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अमेठी द्वारा 60 किताबें तथा सरफराज अहमद कनिष्क सहायक, जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा 20 किताबें दान में दी गई जिसके लिए आज जिलाधिकारी ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी अधिकारियों तथा जनसामान्य से पुस्तक संग्रहालय में किताबें दान देने की अपील की तथा कहा कि इस मुहिम से जरूरतमंद व ज्ञानार्जन करने वाले बच्चों को निशुल्क किताबें दी

# पूर्व विधायक दीपनारायण सिंह यादव ने घर-घर जाकर बंधाई राखी

### भाई–बहन के इस स्नेह को कोई रोक नहीं सकता – दीपनारायण सिंह

**अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव**

गरौठा,झांसी।झांसी के गुरसराय में 21 अगस्त 2024 बुधवार को होने वाले सर्वधर्म जातीय 1001 बहनों के रक्षाबंधन महोत्सव कार्यक्रम को प्रशासन द्वारा अनुमति न मिलने के कारण निरस्त करना पड़ा था। कार्यक्रम स्थगित होने के पश्चात समाजवादी पार्टी के पूर्व गरौठा विधायक दीपनारायण सिंह यादव ने कहा था कि वह अपनी बहनों को निराश नहीं होने देंगे और वह स्वयं व उनके कार्यकर्ता प्रतिनिधि के रूप में घर- घर जाकर बहनों से राखी बंधबायेगें।अपने वायदे के मुताबिक पूर्व विधायक अपने समर्थकों के साथ उन सभी बहनों के घर पहुंचे और उनसे उन्हीं के घर रक्षासूत्र बंधवाया और उन्हें उपहार देकर बहनों का आशीर्वाद लिया। भाई को देखकर सभी निराश बहनों के चेहरे पर मुस्कान आ गई।इस मौके पर दीपनारायण सिंह यादव ने अपनी बहनों से कहा कि उनका भाई उनके लिए हमेशा तत्पर रहेगा चाहे फिर उसके लिए उन्हें कुछ भी करना पड़े।

# डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का हुआ आयोजन




निशा अनन्त डीएम अमेठी



### संबंधित अधिकारियों को दिए गए कडे निर्देश

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी शासन की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में माह के तृतीय बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस में किसानों की समस्याओं एवं सुझावों को सुना गया तथा मौके पर ही जिलाधिकारी द्वारा उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। किसान दिवस में किसान बन्धुओं द्वारा नहरों में पानी ना आने, निराश्रित गोवंश की समस्या, पेयजल योजना के अंतर्गत पाइपलाइन डालने के दौरान सड़कों को खोदने के उपरांत उन्हें पुनः गुणवत्तापूर्ण ढंग से मरम्मत न किए जाने सहित अन्य बिंदुओं पर अपनी शिकायत दर्ज कराई गई, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के समाधान हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।किसान दिवस के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा किसानों से जुड़ी योजनाओं की जानकारी किसान बन्धुओं को उपलब्ध कराई गई। किसान दिवस के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार तिवारी, अधीक्षण अभियंता विद्युत संजय गुप्ता, अधिशासी अभियंता सिंचाई/नलकूप, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ पीएन शुक्ला सहित अन्य संबंधित अधिकारी व किसान बंधु मौजूद रहे।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**




## 'बजरंगी भाईजान' का बनेगा सीक्वल..!

**नई दिल्ली।** सलमान खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'बजरंगी भाईजान' को डायरेक्ट करने वाले कबीर खान ने इस मूवी के सीक्वल को लेकर कहा है कि हर ब्लॉकबस्टर फिल्म को सीक्वल की जरूरत नहीं होती है। कबीर खान ने कहा कि फिल्म का सीक्वल तभी बनाया जाना चाहिए, जब कोई अच्छी कहानी मिले और उसे आगे बढ़ाया जा सके।। कबीर ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं बोला है कि वे बजरंगी भाईजान के सीक्वल पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने बस इतना कहा है कि हां, शायद कभी-कभी एक अच्छी स्क्रिप्ट सामने आती है जो 'बजरंगी' का सीक्वल बनने के योग्य है।

लाइफ Style

## अनन्या

### दिखा शानदार स्क्रीन प्रजेंस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अनन्या पांडे की सीरीज 'कॉल मी बे'का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। ट्रेलर में देखा जा सकता है कि बेला सुपर लग्जरी लाइफ जीती है। शानों-शौकत, नौकर-चाकर से भरी जिंदगी जीने वाली बेला की लाइफ में ऐसा मोड़ आता है कि वह आम जिंदगी जीने पर मजबूर हो जाती है।

इसके बाद उनके रोजमर्रा की जिंदगी में होने वाली गलतियों और समस्याओं को दिखाया गया है। इस सीरीज का निर्माण करण जौहर, अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा ने धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले किया है। 'कॉल मी बे' 6 सितंबर को अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। अनन्या पांडे का स्क्रीन प्रजेंस मजेदार है। इस सीरीज में अनन्या के अलावा वीर दास, गुरफतेह पीरजादा, वरुण सूद, विहान समत, मुस्कान जाफरी, निहारिका लायरा दत्त, लिसा मिश्रा और मिनी माथुर की झलक भी देखने को मिली है। जहां प्रशंसकों को एक तरफ यह पसंद आ रही है। वहीं, दूसरी ओर अभिनेत्री की दोस्त सुहाना खान, शनाया कपूर, नव्या नवेली नंदा और जान्हवी कपूर सहित कई अन्य लोगों ने अपना उत्साह जताया है। सुहाना खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर ट्रेलर साझा करते हुए लिखा, 'बे से पहले से ही प्यार हो गया है, मैं बहुत उत्साहित हूं।' अभिनेत्री शनाया कपूर ने ट्रेलर की स्टोरी लगाते हुए लिखा, 'आश्चर्यजनक मेरी एनी, मैं इसे देखने के लिए बेताब हूं।' इसके अलावा कई बॉलीवुड सितारों और अनन्या के दोस्तों की प्रतिक्रिया मिल रही है। कमेंट सेक्शन में उन्होंने अनन्या की खूब तारीफ की है।




हॉलीवुड मसाला



## जॉनी बतौर निर्देशक करेंगे वापसी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड सुपरस्टार जॉनी डेप कमाल के अभिनेता के साथ एक शानदार निर्देशक भी हैं। साल 1997 में उन्होंने द ब्रेव नाम की फिल्म से निर्देशन की दुनिया में कदम रखा था। अब वह 27 साल के बाद अपनी फिल्म मोदि थ्री डेज ऑन द विंग्स ऑफ मैडनेस के जरिए निर्देशन की दुनिया में वापसी करने जा रहे हैं। जॉनी की यह फिल्म अगले महीने सैन सेबेस्टियन फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित होगी। यह एक बायोपिक फिल्म है, जिसमें रिकार्डो स्कामार्सियो ने प्रसिद्ध इतालवी चित्रकार अमेदेओ मोदिग्लिआनी की भूमिका निभाई है।




## इन फिल्मों का वीडियो गेम से है नाता...

**लॉस एंजिल्स।** वीडियो गेम्स के इतिहास पर नजर डालें तो हम पाएंगे कि कई गेम ऐसे हैं, जो फिल्मों से प्रेरित होकर बनाए गए हैं। वहीं, कुछ ऐसी फिल्में भी हैं, जो वीडियो गेम पर बनी है। 'जुरासिक पार्क', 'रैंबो', 'द जंगल बुक' और 'लारा क्रॉफ्टः टॉम्ब रेडर' कुछ ऐसी चर्चित हॉलीवुड फिल्में हैं, जिनका वीडियो गेम से नाता है। 'जुरासिक पार्क' फिल्म सीरीज ने अपने समय में बहुत ही लोकप्रियता हासिल की थी और ये लोकप्रियता ही इस बात की वजह बनी कि गेम डेवलपर्स ने इस पर गेम बनाने की सोची। उन्होंने फिल्म से प्रेरित होकर इसकी थीम पर आधारित वीडियो गेम बनाया। 'लारा क्रॉफ्टः टॉम्ब रेडर' एक ऐसी फ्रेंचाइजी है, जिसकी फिल्में और वीडियो गेम काफी मशहूर है। इस सीरीज की पहली फिल्म साल 2001 में रिलीज हुई थी, दूसरी 2003 और तीसरी 2018 में आई थी। पहली दो फिल्मों में एंजेलिना जॉली ने काम किया था।



## 'वार-2' में एक्शन का लगाएंगी तड़का

**नई दिल्ली।** कियारा आडवाणी को अभी तक आपने रोमांटिक और चुलबुले किरदार में देखा होगा। लेकिन अब एक्ट्रेस जल्द ही एक्शन अवतार में नजर आने वाली हैं। बॉलीवुड की पॉपुलर एक्ट्रेस कियारा आडवाणी बी-टाउन के हैंडसम स्टार ऋतिक रोशन के साथ 'वॉर 2' में नजर आने वाली हैं। फिल्म में साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर भी होंगे। लेकिन खास बात ये है कि इस फिल्म में कियारा एक धमाकेदार फाइट सीन करने वाली हैं। जिसकी उन्होंने शूटिंग भी पूरी कर ली है। दरअसल कियारा अपनी अपकमिंग फिल्म 'वॉर 2' में लीक से हटकर किरदार निभाने वाली हैं। एक्ट्रेस का फिल्म में एक फाइट सीन है। जो उनकी एंट्री पर होगा। इसकी शूटिंग उन्होंने हाल ही में पूरी की है। कियारा आडवाणी फिल्म में 'कमांडो फाइट' सीक्वेंस में शामिल होंगी।



## 2024 में फ्लॉप की हैट्रिक की ओर

**नई दिल्ली।** खेल खेल में बॉक्स ऑफिस पर धड़ाम हो गई है। खेल खेल में के तीन दिन के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को देखकर फिलहाल के लिए तो यही कहा जा सकता है। अक्षय कुमार की फिल्म के निर्माताओं में खिलाड़ी कुमार की स्टार पॉवर पर भरोसा करते हुए लंबे वीकेंड (15 अगस्त और 19 अगस्त रक्षा बंधन) का फायदा उठाने की कोशिश की। लेकिन स्त्री 2 की बिक्की ऐंड कंपनी और सरकटे ने तो बॉक्स ऑफिस पर सबको अपनी कमाई की आंधी में उड़ाकर रख दिया। नतीजा, अक्षय कुमार 2024 में फ्लॉप की हैटट्रिक लगाने की ओर बढ़ रहे हैं। 2024 में पहले अप्रैल में ईद के मौके पर वो बड़े मियां छोटे मियां लेकर आए और बिग बजट फिल्म बॉक्स ऑफिस पर पत्ते की तरह उड़ गई। फिर जुलाई में साउथ की फिल्म सोरारई पोटरू की रीमेक सरफिरा लेकर आए।

टीवी मसाला


## पति की तीन शर्तें और डूब गया 'दयाबेन' का करियर?

**नई दिल्ली।** दिशा वकानी ने करियर की शुरुआत थिएटर में बतौर स्टेज आर्टिस्ट की थी। एक शो से दिशा ने घर-घर में पहचान बना ली थी। लेकिन फिर एक्ट्रेस ने परिवार की वजह से एक्टिंग करना छोड़ दिया। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' को छोड़े हुए दिशा वकानी को सात साल हो चुके हैं। लेकिन आज भी दर्शक शो में दयाबेन को देखने के लिए बेताब है। कई बार 'तारक मेहता...' के मेकर्स भी कह चुके हैं कि उन्हें भी उम्मीद है कि दिशा वकानी शो में वापस आ जाएं। एक रिपोर्ट के मुताबिक दिशा वकानी के पति मयूर चाहते थे कि एक्ट्रेस बच्चों की परवरिश करें और करियर छोड़ दें। , दिशा वकानी के पति ने तीन शर्तें रखते हुए कहा था कि एक्ट्रेस की फीस में बढ़ोत्तरी की जाए। साथ ही सेट पर उनके लिए एक पर्सनल नर्सरी भी रखी जाए। इसके अलावा दिशा दिन में सिर्फ 3 घंटे ही काम करेंगी। हालांकि दिशा के पति ने एक इंटरव्यू में इन सभी बातों का खंडन किया था। बता दें कि 'दयाबेन' उर्फ दिशा वकानी आज अपनी मैरिड लाइफ में बिजी हैं। उन्होंने मयूर पाडिया से शादी की है। दोनों ने कुछ समय तक डेट करने के बाद लव मैरिज की थी।



### सुनील ने गुरुदेव से पूछ लिया ऐसा सवाल, कपिल की छूटी हंसी...

**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा और सुनील ग्रोवर हाल ही में एक आध्यात्मिक रिट्रीट में शामिल हुए। यहां कॉमेडियन ने गुरुदेव से दोस्ती के बारे में ऐसा सवाल पूछा, जिसे सुन सब हंसने लगे। कपिल शर्मा और सुनील ग्रोवर की जोड़ी को कॉमेडी शो में दर्शक देखना खूब पसंद करते हैं। इन दोनों कॉमेडियन की दोस्ती और लड़ाई से हर कोई वाकिफ है। साल 2017 में एक फ्लाइट में कपिल शर्मा और सुनील ग्रोवर दोनों के बीच झगड़ा हुआ था, जिसके बाद इन दोनों की दोस्ती में दरार आ गई थी। लड़ाई के बाद दोनों ने 6 साल तक बात नहीं की थी। लेकिन, इसके बाद कपिल-सुनील ने आपस में बात कर ली और साथ में 'द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा' शो में नजर भी आए। अब कपिल और सुनील के बीच सबकुछ ठीक है। लेकिन हाल ही में बेंगलुरु में श्री श्री रविशंकर के आश्रम की आध्यात्मिक यात्रा में गए कपिल और सुनील का वीडियो वायरल हो रहा है।



## रिया का नया ब्यॉयफ्रेंड है अरबपति

**मुंबई।** रिया चक्रवर्ती की लाइफ में किसी की एंट्री हो गई है। रूमर्स फैले हुए हैं कि एक्ट्रेस इन दिनों भारत के सबसे कम उम्र के अरबपति बिजनेमैन को डेट कर रही हैं। रिया चक्रवर्ती साल 2020 में अपने बॉयफ्रेंड सुशांत सिंह राजपूत की आत्महत्या के बाद सुर्खियों में आ गई थीं। वहीं, एक्ट्रेस एक बार फिर काफी लाइमलाइट में छाई हुई हैं। रूमर्स फैले हुए हैं कि वे अरबपति बिजनेस मैन निखिल कामथ को डेट कर रही हैं। दोनों की हाल ही में मुंबई की सड़कों पर बाइक राइडिंग करते हुए वीडियो भी वायरल हुई थी। कहा जा रहा है कि एक्ट्रेस के नए बॉयफ्रेंड देश के सबसे यंगेस्ट अरबपति हैं। निखिल एक एसेट मैनेजमेंट कंपनी और एक रियल एस्टेट इनवेस्टमेंट कंपनी और एक प्रोप टेक कंपनी के भी को-फाउंडर हैं। निखिल एक फेमस यूट्यूबर भी हैं और डब्ल्यूटीएफ इज विद निखिल कामथ नाम के प्लेटफॉर्म पर एक चैनल चलाते हैं, जहां वह इंडस्ट्री स्पेशलिस्ट और पॉपुलर कैफे के को-फाउंडर सहित अन्य हस्तियों के साथ बातचीत करते हैं।

37 साल की निखिल को अक्सर भारत के सबसे कम उम्र की सेल्फ-मेड अरबपति के रूप में जाना जाता है। फोर्ब्स के अनुसार इंडस्ट्रियलिस्ट की कुल नेटवर्थ $3.1 बिलियन (26000 करोड़ रुपए) है।






## अमिताभ संग जंजीर नहीं करना चाहती थीं जया बच्चन? वजह जानकर रह जाएंगे हैरान

*हाल की डॉक्यूमेंट्री 'एंग्री यंग मेन' में, जावेद अख्तर और सलीम खान की दोस्ती और फिर अलग होने की कहानी कही गई है। इस डॉक्यूमेंट्री में की सेलेब्स के इंटरव्यू लिए गए हैं जिसके चलते कई खुलासे भी हुए हैं। इस सीरीज में जया बच्चन ने भी एक शॉकिंग खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि वे पहले ब्लॉकबस्टर फिल्म 'जंजीर' में अमिताभ बच्चन संग काम नहीं करना चाहती थीं।*


**नई दिल्ली।** जया बच्चन ने ये भी खुलासा किया कि उन्होंने ये फिल्म इसलिए भी की थी कि उन्हें उनके को-एक्टर अमिताभ बच्चन के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। जया ने कहा 'तो, मैंने सोचा कि कम से कम हमें एक साथ कुछ समय बिताने का मौका मिलेगा।' उन्होंने कहा, 'मैं कभी भी मेल सेंट्रिक सिनेमा का हिस्सा नहीं बनना चाहती थी। ज़ंजीर एक मेल-सेंट्रिक फिल्म थी। प्रकाश मेहरा ने कई दूसरी फीमेल एक्टर्स को भी 'जंजीर' का ऑफर दिया था, लेकिन सभी ने मना कर दिया। उन्होंने कहा,प्रकाश मेहरा ने फिर मुझसे कहा 'आप 'ना' नहीं कह सकते। हमें आपकी जरूरत है।' ज़ंजीर की रिलीज़ के एक महीने बाद जून 1973 में अमिताभ बच्चन और जया बच्चन ने शादी कर ली थी। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी।



### 'एंग्री यंग मेन' से लेकर 'कल्कि 2898 एडी' तक मचाएंगी धमाल

## इस हफ्ते ओटीटी पर मिलेगा एक्शन-क्राइम का डबल डोज

***मुंबई।*** *ओटीटी रिलीज को लेकर अक्सर प्रशंसक उत्साहित रहते हैं, क्योंकि हर हफ्ते उन्हें नई फिल्मों और वेब सीरीज की रिलीज का इंतजार रहता है। अगस्त का चौथा हफ्ता भी शुरू हो चुका है और ऐसे में कई फिल्मों व वेब सीरीज की कतार लग चुकी है, जो इस हफ्ते ओटीटी पर दस्तक देने के लिए तैयार हैं। इस हफ्ते भी प्रशंसकों को खास मजा मिलने वाला है तो चलिए जानते हैं उन फिल्मों और सीरीज के बारे में जो इस हफ्ते धमाल मचाएंगी।*




**एंग्री यंग मेन :** 'एंग्री यंग मेन' एक डॉक्यूमेंट्री सीरीज है, जिसमें हिंदी सिनेमा में सलीम-जावेद के नाम से मशहूर लेखक सलीम खान और जावेद अख्तर की शानदार साझेदारी को दिखाया जाएगा। इस जोड़ी ने 'शोले', 'जंजीर', 'दीवार', 'सीता और गीता', 'त्रिशूल', 'यादों की बारात', 'हाथी मेरे साथी' समेत 24 फिल्मों में साथ काम किया है। 'एंग्री यंग मेन' 20 अगस्त को प्राइम वीडियो पर रिलीज हो गई है।

**रायन :** 'रायन' एक ऐसे युवक के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने परिवार की हत्या के बाद बदला लेना चाहता है और यह उसे आपराधिक अंडरवर्ल्ड में ले जाता है। फिल्म में धनुष, एसजे सूर्या, प्रकाश राज, सेल्वाराघवन, संदीप किशन, अपर्णा बालमुरली, वरलक्ष्मी सरथकुमार और सरवनन हैं। यह कथित तौर पर 23 अगस्त को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।



**द फ्रॉग :** 'द फ्रॉग' एक मालिक के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक भूतिया महिला को एक कमरा किराए पर देता है, जो मेहमान के रूप में आती है। जब घर में अजीब चीजें होने लगती हैं तो चीजें बदल जाती हैं। इस सीरीज में किम यूं-सोक, यूं के-सांग, गो मिन-सी और ली जंग-यून मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसका पहला एपिसोड 23 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगा।





**कल्कि 2898 एडी :** 'कल्कि 2898 एडी' सर्वनाश के बाद की दुनिया में सेट है और यह लैब सब्जेक्ट एसयूएम-80 के अजन्मे बच्चे को बचाने की कोशिश करने वाले लोगों पर केंद्रित है। फिल्म में प्रभास, दीपिका पादुकोण और अमिताभ बच्चन मुख्य भूमिकाओं में हैं। कमल हासन मुख्य प्रतिपक्षी के रूप में नजर आ रहे हैं। दिशा पटानी, ब्रह्मानंदम, सास्वत चटर्जी, राजेंद्र प्रसाद, शोभना, पसुपथी और अन्ना बेन प्रमुख भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं। यह फिल्म 22 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर हिंदी में रिलीज होगी और उसी दिन प्राइम वीडियो पर अन्य भाषाओं में रिलीज होगी।